वर्ष : 34 | अंक : 250 | मुंबई, सोमवार, 17 नवंबर 2025 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल | संरक्षक : एन. के. पुरोहित

# DBD
# दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



### JDU से मुख्यमंत्री सहित 14 मंत्री

जदयू कोटे से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित 14 मंत्रियों को जगह मिलने की संभावना है। नीतीश कुमार और भाजपा नेताओं के बीच कई दौर की बैठकें हो चुकी हैं, जिनमें विभागों और मंत्रियों के नामों को लेकर गंभीर मंथन हुआ है।

### चिराग पासवान की पार्टी को 3 मंत्री पद

लोजपा (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान के लिए भी अच्छी खबर है। सूत्रों के अनुसार, उनकी पार्टी से तीन मंत्री बनाए जा सकते हैं। इसके अलावा जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टियों से एक-एक मंत्री को शामिल किए जाने की चर्चा है।

### गठबंधन की एकजुटता दिखाने की कोशिश

एनडीए का प्रयास है कि सभी सहयोगी दलों को उचित प्रतिनिधित्व दिया जाए। गठबंधन चाहता है कि सरकार गठन के साथ ही एकजुटता का मजबूत संदेश जनता तक पहुंचे। सूत्रों का कहना है कि भविष्य में एनडीए के घटक दलों को राज्यसभा सीटें भी दी जा सकती हैं।

### शपथ ग्रहण 19 या 20 नवंबर को संभावित

पटना में शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियाँ तेज हो गई हैं। पटना प्रशासन ने गांधी मैदान को 17 से 20 नवंबर तक आम लोगों के लिए बंद कर दिया है। इसी मैदान में मंच निर्माण और सुरक्षा की तैयारियाँ चल रही हैं। 19 या 20 नवंबर को शपथ ग्रहण होने की सबसे अधिक संभावना बताई जा रही है।

### आज इस्तीफा देकर नया दावा पेश करेंगे नीतीश कुमार

नीतीश कुमार ने कल यानी सोमवार की सुबह कैबिनेट मीटिंग बुलाई है। बताया जा रहा है कि बैठक में मंत्रिमंडल भंग करने पर मुहर लग सकती है। इसके तुरंत बाद नीतीश कुमार राज्यपाल को इस्तीफा सौंपेंगे और इसके बाद नई सरकार गठन की प्रक्रिया शुरू होगी।

# नई सरकार का खाका तैयार!

**एजेंसी | पटना**

बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत के बाद नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। सूत्रों के अनुसार, मंत्रिमंडल गठन को लेकर एनडीए के सभी घटक दलों के बीच सहमति बनती दिखाई दे रही है। जानकारी के मुताबिक, भाजपा कोटे से 15 से 16 मंत्री शपथ ले सकते हैं। पार्टी ने मंत्रिमंडल गठन से पहले अपने स्तर पर तैयारियाँ तेज कर दी हैं। दिलीप जायसवाल और सम्राट चौधरी को अहम जिम्मेदारियाँ देकर पार्टी ने संकेत दे दिया है कि मंत्री पदों को लेकर अंतिम दौर की चर्चा जारी है।

- BJP को 16, JDU को CM सहित 14 मंत्री
- चिराग को भी हुई बड़ी लाभ की तैयारी



### NDA की बड़ी जीत

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में NDA ने 202 सीटें जीतकर बड़ी जीत दर्ज की। BJP सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। वहीं महागठबंधन (RJD, कांग्रेस, वाम दल) 35 सीटों का आंकड़ा भी पार नहीं कर सका। प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी 28 सीटों पर लड़ी लेकिन एक भी सीट नहीं जीत पाई। AIMIM को 5 सीटों पर सफलता मिली है।

---

**दिल्ली ब्लास्ट में बड़ी कामयाबी**

# i20 कार का मालिक गिरफ्तार

**एजेंसी | नई दिल्ली**

दिल्ली के लाल किला इलाके में हुए कार बम धमाके की जांच में एनआईए को बड़ी सफलता मिली है। एजेंसी ने उस व्यक्ति आमिर राशिद अली को गिरफ्तार कर लिया है, जिसके नाम पर धमाके में इस्तेमाल की गई i20 कार रजिस्टर्ड थी। आमिर पर आरोप है कि उसने आत्मघाती हमलावर उमर उन नबी के साथ मिलकर पूरी साजिश को अंजाम दिया। आमिर को 11 नवंबर को हिरासत में लिया गया था। लंबी पूछताछ और उसके मोबाइल डाटा, कॉल रिकॉर्ड व अन्य सबूतों की जांच करने के बाद एनआईए ने रविवार को उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया। वह जम्मू-कश्मीर के सांबूरा, पंपोर का रहने वाला है और साजिश में उसकी भूमिका कार खरीदने और उसे हमले के लिए उपलब्ध कराने की बताई गई है।

## उमर के साथ मिलकर रची थी आतंकी साजिश

### आत्मघाती हमलावर की पहचान : डॉक्टर निकला आतंकी

फोरेंसिक जांच में पुष्टि हुई है कि धमाके के समय कार चला रहा शख्स उमर उन नबी था। उमर पुलवामा का निवासी और अल-फलाह यूनिवर्सिटी, फरीदाबाद में जनरल मेडिसिन विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर था। एक डॉक्टर ही आत्मघाती हमले का मुख्य आरोपी निकला।

### एनआईए की कार्रवाई : दूसरी गाड़ी भी जब्त

एनआईए ने उमर की एक और कार जब्त की है। दोनों वाहनों के तकनीकी विश्लेषण, GPS डेटा और विस्फोटक अवशेषों की जांच की जा रही है। एजेंसी अब तक 73 गवाहों से पूछताछ कर चुकी है, जिनमें धमाके में घायल लोग भी शामिल हैं।

### मौतों के आंकड़े में अंतर

सरकारी प्रेस रिलीज में बताया गया है कि धमाके में 10 लोगों की मौत हुई, जबकि शुरुआती पुलिस बयान में यह संख्या 13 बताई गई थी। यह विस्फोट 10 नवंबर को लाल किला क्षेत्र में हुआ था। एनआईए दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, यूपी और अन्य राज्यों की पुलिस के साथ मिलकर इस मॉड्यूल की पूरी कड़ी खंगाल रही है। यह केस नंबर RC-21/2025/NIA/DLI के तहत दर्ज है और जांच अब राज्य-राज्य फैल चुकी है। सूत्रों के अनुसार 20 से अधिक डॉक्टरों से पूछताछ,जम्मू-कश्मीर में 200 से अधिक लोग हिरासत में अधिकतर को बाद में छोड़ दिया गया। अब तक सिर्फ चार आरोपियों के खिलाफ पुख्ता सबूत मिले हैं।




### रविवार को क्या-क्या हुआ?

लाल किला मेट्रो स्टेशन को फिर से खोल दिया गया। स्टेशन के बाहर लगाया गया सफेद परदा हटाया गया। अल-फलाह यूनिवर्सिटी में लगातार छापेमारी जारी रही। उमर के दो और करीबी संदिग्ध गिरफ्तार किए गए। धमाके की जगह से मिले 9mm कारतूस (सीमित श्रेणी) की जांच तेज हुई।

### 9mm कारतूस ने बढ़ाई चिंता

तीन कारतूस-दो जिंदा, एक खाली खोखा घटनास्थल से मिले। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि ये कारतूस वहां कैसे पहुंचे? क्या कोई हथियार इस्तेमाल हुआ, जो अभी तक बरामद नहीं हुआ? यह मॉड्यूल अत्यधिक तकनीकी रूप से प्रशिक्षित, संगठित और संभवत: विदेशी नेटवर्क से जुड़ा हो सकता है।

# 10,000 में बिहार सरकार मिलती है...'

### मुकेश सहनी का तंज, चुनावी हार के बाद NDA पर किया हमला

**एजेंसी | पटना**

बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की भारी जीत के बाद विपक्ष लगातार हमलावर है। महागठबंधन के सहयोगी रहे और इस बार शून्य पर सिमट गए VIP प्रमुख मुकेश सहनी ने भी तीखा तंज कसते हुए कहा,'10,000 में बिहार सरकार मिलती है।' चुनाव से पहले नीतीश सरकार ने 'जीविका दीदी' के खातों में 10,000 रुपये की राशि ट्रांसफर की थी। इसको लेकर विपक्ष लगातार आरोप लगा रहा है कि महिलाओं को आर्थिक लाभ देकर चुनाव प्रभावित किया गया।



### NDA को दी बधाई, सरकार से की मांग

हालांकि सहनी ने हार स्वीकार करते हुए एनडीए को जीत की बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि अब सरकार को जीविका दीदी से किए गए वादों को पूरा करना चाहिए। परिवार के विवाद पर उन्होंने कहा,'यह मेरा निजी मामला है। हार की जिम्मेदारी एक व्यक्ति पर डालना सही नहीं है।' उन्होंने कहा कि पार्टी अपनी गलतियों से सीखेगी और खुद को मज़बूत करेगी।

---

## न्यूज़ ब्रीफ

### 'भाजपा को रोकना सिर्फ मुसलमानों की जिम्मेदारी नहीं' : मौलाना रजवी

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने बिहार विधानसभा चुनाव परिणामों पर महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा को रोकने की जिम्मेदारी केवल मुसलमानों पर नहीं डाली जा सकती। उन्होंने कहा कि धर्मनिरपेक्ष राजनीति करने का दावा करने वाली पार्टियों को भी उतनी ही जिम्मेदारी उठानी चाहिए। मौलाना रजवी ने कहा कि बिहार चुनाव के नतीजे मुसलमानों के लिए सोचने और अपना नजरिया बदलने का मौका हैं।उन्होंने कहा,'यह देखने को मिला है कि भारत में सिर्फ मुसलमानों ने भाजपा को रोकने का ठेका ले लिया है। यह जिम्मेदारी मुसलमानों की अकेली नहीं, बल्कि उन सभी पार्टियों की है जो खुद को धर्मनिरपेक्ष कहती हैं।'

### अमेरिका परमाणु अभ्यास : निष्क्रिय बम से दो माह पहले ही किया परीक्षण

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी ऊर्जा विभाग की सैंडिया राष्ट्रीय प्रयोगशाला ने बताया कि अमेरिका ने अपने स्टील्थ एफ-35ए लड़ाकू विमान से परिवहन किए जा सकने वाले बी61-12 परमाणु गुरुत्व बम के महत्वपूर्ण उड़ान परीक्षणों की श्रृंखला को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। प्रयोगशाला की तरफ से जारी रिपोर्टों के अनुसार, यह परीक्षण 19 अगस्त से 21 अगस्त तक नेवादा के टोनोपा टेस्ट रेंज में हुआ। इसमें यूटा के हिल एयर फोर्स बेस ने मदद की। परीक्षणों में बी61-12 की निष्क्रिय इकाइयों को एफ-35ए विमान से सफलतापूर्वक छोड़ा गया। इससे पता चला कि विमान, पायलट और बम सभी सही तरीके से काम कर रहे हैं।

### केरल में अधिकारी की मौत के बाद राज्यभर में काम का बहिष्कार करेंगे BLO

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का काम सोमवार को प्रभावित हो सकता है। राज्य में काम करने वाले कई संगठनों ने घोषणा की है कि कन्नूनर में एक अधिकारी की मौत के बाद राज्यभर में बूथ स्तर के अधिकारी (बीएलओ) 17 नवंबर को काम नहीं करेंगे। इनमें सरकारी कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन भी शामिल हैं। रविवार को राज्य सरकारी कर्मचारी एवं शिक्षक कार्रवाई परिषद, शिक्षक सेवा संगठनों की संयुक्त समिति और केरल एनजीओ संघ ने इस बहिष्कार की घोषणा की।

# हमास को हर हाल में निशस्त्र करेंगे: प्रधानमंत्री नेतन्याहू

**एजेंसी | तेल अवीव**

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को दो टूक कहा कि हमास को हर परिस्थिति में निशस्त्र किया जाएगा, चाहे रास्ता आसान हो या मुश्किल। कैबिनेट की साप्ताहिक बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि गाजा को पूरी तरह से हथियारों से मुक्त करना उनकी प्राथमिकता है और फिलिस्तीनी राज्य पर इजराइल की नीति में कोई बदलाव नहीं होगा। नेतन्याहू का यह बयान उस समय आया है जब एक दिन बाद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शांति योजना पर मतदान करने वाली है। इस योजना में युद्ध के बाद गाजा के पुनर्निर्माण और आर्थिक सुधार के लिए 'बोर्ड ऑफ पीस' बनाने का प्रस्ताव है।

**यूएन वोटिंग से पहले आया कड़ा संदेश**



### 'गाजा में हथियार नहीं हैं' दावे झूठे

प्रधानमंत्री ने कहा कि गाजा में हथियारों की कमी के दावे गलत और भ्रामक हैं। ट्रंप की 20-पॉइंट युद्धविराम योजना में भी गाजा को पूरी तरह निरस्त्र करने और हमास से हथियार छोड़ने की मांग शामिल है। उन्होंने सवाल उठाया कि हमास हथियार कैसे छोड़ेगा, क्योंकि उसने अभी तक इस योजना को पूरी तरह स्वीकार नहीं किया है।

### वरिष्ठ मंत्रियों ने भी इसी को दोहराया

रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज: 'फिलिस्तीनी राज्य किसी भी परिस्थिति में नहीं बनेगा।' विदेश मंत्री गिदोन सार: 'हम अपनी जमीन पर किसी आतंकी फिलिस्तीनी राज्य को मंजूरी नहीं देंगे।' राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन गवीर: "फिलिस्तीनी पहचान एक बनावटी अवधारणा है।'

### युद्धविराम समझौते का पहला चरण पूरा

अमेरिका समर्थित युद्धविराम के पहले चरण में हामास ने 20 जीवित इजराइली बंधकों को रिहा किया,28 मृतकों में से लगभग सभी के शव सौंपे। इसके बदले इजराइल ने लगभग 2,000 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया। 330 शव लौटाए। संघर्ष के भविष्य और स्थायी समाधान को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

### फिलिस्तीनी राज्य पर इजराइल का कठोर रुख बरकरार

नेतन्याहू ने दोहराया कि जॉर्डन नदी के पश्चिम में किसी भी रूप में फिलिस्तीनी राज्य को स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे दशकों से बाहरी दबाव झेलते आए हैं और उन्हें 'किसी सलाह या ट्वीट' की आवश्यकता नहीं है।

# '100 साल में पहली बार कानून मान रहा RSS': प्रियंक खड़गे

**एजेंसी | नई दिल्ली**

कर्नाटक सरकार के मंत्री प्रियंक खड़गे ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि चित्तापुर में अपने प्रस्तावित कार्यक्रम के लिए प्रशासन से अनुमति मांगकर संगठन '100 साल में पहली बार कानून का पालन करता दिख रहा है। 'उन्होंने चेतावनी दी कि प्रशासन द्वारा तय की गई किसी भी शर्त का उल्लंघन होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। खड़गे ने कहा कि चित्तापुर में होने वाली गतिविधि के लिए प्रशासन ने सख्त नियम तय किए हैं और सभी शर्तों को लिखित में दिया है। तंज कसते हुए उन्होंने कहा, जो संगठन हमेशा नियमों को दरकिनार करता रहा।



### 'डेटा खुद कहानी कहता है'

बिहार के चुनावी नतीजों को लेकर प्रियंक खड़गे ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व सभी पहलुओं की गहराई से समीक्षा करेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया, संस्थाओं की भूमिका और स्थानीय घटनाक्रम की भी जांच होगी। खड़गे ने कहा,'डेटा को एक-दो दिन दबाया जा सकता है, लेकिन अंत में आंकड़े खुद कहानी कहते हैं।' उन्होंने दावा किया कि अलंद, महादेवपुर, हरियाणा और महाराष्ट्र से जुड़े कई मामलों पर पार्टी के पास पर्याप्त सबूत मौजूद हैं। केंद्र की राजनीति में चल रही कैबिनेट फेरबदल की चर्चाओं को खारिज करते हुए खड़गे ने कहा कि यह सिर्फ 'मीडिया की कल्पना' है।

# समंदर में उतरेगा नया 'माहे'

### भारतीय नौसेना को मिलेगा उथले पानी का घातक शिकारी



**एजेंसी | नई दिल्ली**

भारतीय नौसेना 24 नवंबर 2025 को अपनी समुद्री क्षमता में एक और बड़ा कदम जोड़ने जा रही है। मुंबई स्थित नौसेना डॉकयार्ड में माहे श्रेणी के पहले एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट (ASW-SWC) 'माहे' का जलावतरण होने जा रहा है। यह सिर्फ एक नया जहाज नहीं, बल्कि स्वदेशी युद्धपोत निर्माण में भारत की बढ़ती ताकत का मजबूत संकेत है। 'माहे' को कोच्चि स्थित कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (CSL) ने तैयार किया है। इसका निर्माण 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री से हुआ है, जो इसे आत्मनिर्भर भारत की सफल मिसाल बनाता है। यह जहाज आकार में भले छोटा हो, लेकिन तकनीकी और सामरिक रूप से बेहद उन्नत है।

### उथले पानी में भी ढूंढ निकालेगा दुश्मन की पनडुब्बी

यह जहाज विशेष रूप से पनडुब्बियों का पता लगाने, तटीय इलाकों में निगरानी और भारतीय समुद्री मार्गों की सुरक्षा के लिए डिजाइन किया गया है। इसकी चालबाजी, गति और टारगेट लोकेशन क्षमता इसे उथले पानी में भी सटीक और तेज ऑपरेशन करने में सक्षम बनाती है।

### कलारीपयट्टू की 'उरुमी' से प्रेरित डिजाइन

युद्धपोत का नाम मालाबार तट के ऐतिहासिक शहर 'माहे' पर रखा गया है। जहाज के शिखर पर लगी 'उरुमी' की प्रतीक छवि इसे और खास बनाती है – यह वही पारंपरिक तलवार है जिसे तेजी, सटीकता और घातकता का प्रतीक माना जाता है।

### नई पीढ़ी के स्वदेशी युद्धपोतों की शुरुआत

'माहे' का जलावतरण भारतीय नौसेना में नई पीढ़ी के स्वदेशी तटीय युद्धपोतों की शुरुआत माना जा रहा है। यह जहाज तेज, टिकाऊ और कठिन परिस्थितियों में ऑपरेशन करने में सक्षम है, जो आने वाले वर्षों में तटीय सुरक्षा को नई मजबूती प्रदान करेगा।

**चप्पल विवाद पर रोहिणी आचार्य का बड़ा बयान**

# 'मैं सिर्फ भाई से अलग हुई हूं'



**एजेंसी | बेंगलुरु**

'चप्पल कांड' के बाद राष्ट्रीय जनता दल (RJD) प्रमुख लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने कहा कि वह केवल भाई से अलग हुई हैं, परिवार से नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके साथ अभद्रता हुई और उनके माता-पिता इस घटना से आहत हैं। मीडिया से बातचीत में रोहिणी ने कहा कि जो कुछ कहना था, वह वह सोशल मीडिया पर लिख चुकी हैं।

### एक दिन पहले राजनीति छोड़ने का ऐलान

रोहिणी ने सोशल मीडिया पर राजनीति छोड़ने की घोषणा की थी। उन्होंने दावा किया था कि उन्हें परिवार भी छोड़ना पड़ा है। पोस्ट में उन्होंने तेजस्वी यादव के करीबी संजय यादव और रमीज नामक व्यक्ति पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने लिखा था कि एक बेटी, बहन और मां होने के बावजूद उन्हें अपमानित किया गया, गालियां दी गईं और चप्पल उठाकर मारने की कोशिश की गई। 'मैंने अपने आत्मसम्मान से समझौता नहीं किया, इसलिए मुझे बेइज्जती झेलनी पड़ी। मुझे अनाथ बना दिया गया।' रविवार को भी उन्होंने एक और पोस्ट की, जिसमें कहा गया कि उनसे कहा गया कि 'मैं गंदी हूं और मैंने अपने पिता को गंदी किडनी लगवा दी।'

# कर्नाटक कांग्रेस में फिर घमासान

- कैबिनेट फेरबदल तय
- नेतृत्व परिवर्तन की अटकलें तेज

**एजेंसी | बेंगलुरु**

कर्नाटक कांग्रेस एक बार फिर आंतरिक खींचतान की चपेट में है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के मंत्रिमंडल में संभावित फेरबदल और नेतृत्व परिवर्तन की चर्चाओं के बीच राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। इसी बीच सिद्धारमैया की राहुल गांधी से दिल्ली में मुलाकात ने सियासी अटकलों को और हवा दे दी है। हालांकि राज्य के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने स्पष्ट किया कि राज्य में केवल कैबिनेट फेरबदल होगा, नेतृत्व परिवर्तन नहीं। सिद्धारमैया ने दिल्ली में राहुल गांधी से मुलाकात के बाद कहा कि इसमें सिर्फ बिहार चुनाव नतीजों पर चर्चा हुई। लेकिन कांग्रेस के अंदरूनी सूत्रों का दावा है कि मंत्रिमंडल फेरबदल पर गहन चर्चा हुई है। गृह मंत्री परमेश्वर ने भी स्वीकार किया कि आलाकमान ने फेरबदल की अनुमति दे दी है।



### डीके शिवकुमार का दौरा रद्द, दिल्ली में हलचल बढ़ी

उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने अचानक अपना हैदराबाद दौरा रद्द कर दिल्ली में रुकने का फैसला लिया। पूर्व सांसद डीके सुरेश भी दिल्ली पहुंच चुके हैं, जिससे राजनीतिक उत्सुकता और बढ़ गई है। शिवकुमार ने पहले ही राहुल गांधी से मिलने का समय मांगा था। माना जा रहा है कि सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर मतभेद पर चर्चा होगी। सिद्धारमैया जहां कैबिनेट विस्तार के पक्ष में हैं, वहीं शिवकुमार इसका विरोध कर रहे हैं।

### कौन से पदों पर हो सकती है नियुक्ति?

सूत्रों के मुताबिक, बड़े फेरबदल की बजाय चार अहम पदों पर चर्चा हुई है-बी. नागेंद्र और राजन्ना के रिक्त मंत्रिपद,विधान परिषद के सभापति और उपसभापति के चुनाव। कांग्रेस के पास विधान परिषद में बहुमत होने के कारण वह सभापति पद पर दावा मजबूत करना चाहती है। इसी बीच पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने सुझाव दिया कि कुछ वर्तमान मंत्रियों को संगठन की जिम्मेदारी सौंपी जाए और नए चेहरों को मंत्रिमंडल में जगह दी जाए।

### सिद्धारमैया फिर जाएंगे दिल्ली, अंतिम फैसला आलाकमान का

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया सोमवार को फिर दिल्ली जाएंगे। 18 नवंबर को AICC के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल भी दिल्ली आएंगे। उनसे चर्चा के बाद सिद्धारमैया कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से भी मुलाकात कर सकते हैं। एक वरिष्ठ नेता के अनुसार मंत्री पद चाहने वालों की संख्या अधिक है। फेरबदल पर अंतिम फैसला आलाकमान ही करेगा।

मुंबई आस-पास
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

DBD
दो बजे दोपहर

## न्यूज़ ब्रीफ

### लोकल ट्रेन में शराब के पीकर यात्रा करना युवक को महंगा पड़ा

**ठाणे।** दोस्तों के साथ शराब पीकर लोकल की यात्रा करना युवक को महंगा पड़ गया। नगदी के साथ कुल 74 हजार का माल चोरी हुआ। इस मामले में ठाणे रेलवे पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। कलवा में रहने वाले सुजित सिंह (28) 11 नवंबर को ऑफिस के काम से नवी मुंबई गए थे। काम समाप्त होने के बाद वे अपने दोस्तों के साथ शराब पीने गए। इसके बाद रात 11 बजकर 20 मिनट की जुईनगर रेलवे स्टेशन से ठाणे स्टेशन की लोकल पकड़ी। फर्स्ट क्लास डिब्बे में उन्होंने अपनी बैग गोद में रखकर यात्रा शुरू की, लेकिन रास्ते में उन्हें नींद आ गई। ठाणे स्टेशन पहुंचने के बाद लोकल ट्रेन यार्ड में चली गई। रात करीब 3 बजे अचानक सुजित की नींद खुली। उन्हें जब एहसास हुआ कि ट्रेन यार्ड में खड़ी है, तो देखा कि उनकी बैग वहां नहीं थी। उन्हें ज्ञात हुआ की चोर ने उनकी नींद का फायदा उठाकर बैग चुरा लिया। बैग में 53,500 रुपए का लैपटॉप, 18 हजार रुपए का मोबाइल और 3 हजार रुपए का लैपटॉप चार्जर था। युवक ने इसकी शिकायत ठाणे रेलवे पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई है।

# नि:शुल्क डीम्ड कन्वेयन्स की घोषणा परिवहन मंत्री ने खेला मास्टरस्ट्रोक

### पुरानी इमारतों के पुनर्विकास को मिली राहत

विनय दुबे | भाईंदर

मीरा-भाईंदर में पुरानी, जर्जर और खतरनाक इमारतों के पुनर्निर्माण का मुद्दा वर्षों से गंभीर चुनौती बना हुआ है। पुनर्विकास में देरी के चलते कई परिवार अब भी अपने अधूरे घर के सपने पूरे होने का इंतज़ार कर रहे हैं। इस स्थिति को देखते हुए परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने बड़ा कदम उठाते हुए डीम्ड कन्वेयन्स की पूरी कानूनी प्रक्रिया निःशुल्क करने की घोषणा की।

### विशेष दल का गठन, दस्तावेज़ जमा करें और प्रक्रिया मुफ्त

सरनाईक ने बताया कि नागरिकों को बस शिवसेना (शिंदे गट) कार्यालय में आवश्यक दस्तावेज जमा कराने होंगे। इसके बाद गठित विशेष दल-79-A प्रक्रिया, डीसी रूपांतरण, सोसायटी पंजीकरण, 6/12 उतारा, अन्य कानूनी औपचारिकताएँ पूरी तरह से नि:शुल्क पूरी करेगा।

### यह मेरा शहर है, मेरा दायित्व है: प्रताप सरनाईक

मंत्री सरनाईक ने कहा, "मीरा-भाईंदर ने मुझे लगातार चार बार विधायक बनाकर जो विश्वास दिया है, उसके प्रति मेरा भी दायित्व है कि मैं शहर के विकास के लिए हर संभव प्रयास करूं। पुरानी इमारतों का पुनर्निर्माण आज सबसे गंभीर विषय है। जमीन का स्पष्ट टाइटल न होने से 1980 के बाद बनी कई इमारतें जर्जर स्थिति में हैं और लोग असुरक्षित जीवन जीने को मजबूर हैं।" उन्होंने आगे कहा, 'कई नागरिक आर्थिक कारणों से डीम्ड कन्वेयन्स की प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाते। शिवसेना ने निश्चय किया है कि यह प्रक्रिया पूर्णत: नि:शुल्क होगी। साथ ही पुरानी इमारतों को अतिरिक्त एफएसआई की मंजूरी भी दी जाएगी, जिससे पुनर्निर्माण का रास्ता आसान होगा।'




### 1000 से अधिक सोसाइटी प्रतिनिधि हुए शामिल

मीरा रोड के पद्मभूषण डॉ. अप्पासाहेब धर्माधिकारी सभागृह में आयोजित मार्गदर्शन शिविर में करीब 1000 सोसाइटी पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान संबंधित अधिकारियों ने विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों में डॉ. किशोर मांडे, जिल्हा उपनिबंधक, ठाणे, नीलेश गौंड, अप्पर तहसीलदार, मीरा-भाईंदर, डॉ. संभाजी पानपट्टे, अतिरिक्त आयुक्त, एमबीएमसी, किशन रतनाले, उपनिबंधक, सहकारी संस्था, पुरुषोत्तम शिंदे, सहाय्यक संचालक (नगर रचनाकार), एमबीएमसी शामिल थे।

### राजनीतिक हलचल: सरनाईक का 'करारा शॉट'

परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक शहर में शिवसेना (शिंदे गट) को मजबूत करने की दिशा में लगातार सक्रिय हैं। नि:शुल्क डीम्ड कन्वेयन्स की घोषणा को राजनीतिक गलियारों में 'करारा शॉट' माना जा रहा है। सामान्य तौर पर दलालों द्वारा प्रति फ्लैट 6,000 से 12,000 रुपये तक वसूले जाते हैं। ऐसे में इसे पूरी तरह मुफ्त करने के फैसले ने नागरिकों को बड़ा राहत दी है और इसका असर आगामी मनपा चुनावों में भी देखने को मिल सकता है।

# सैकड़ों महिलाओं ने थामा भाजपा का दामन

### वसई–विरार में बड़े पैमाने पर महिला शक्ति का पार्टी में प्रवेश

ओपी यादव | वसई

वसई–विरार मनपा के आगामी सार्वजनिक चुनावों की तैयारी तेज़ हो गई है और सभी राजनीतिक दल मोर्चेबंदी में जुट चुके हैं। इसी बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के कार्यों से प्रभावित होकर वसई–विरार जिले के पूर्व सचिव अमित ओमप्रकाश दुबे के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।



### अचोले स्थित भाजपा कार्यालय में हुआ प्रवेश समारोह

बचतगट से जुड़कर समाज सेवा करने वाली बड़ी संख्या में महिलाएँ बुधवार को वसई–विरार भाजपा के अचोले स्थित जिला मध्यवर्ती कार्यालय में आयोजित सार्वजनिक पार्टी प्रवेश समारोह में शामिल हुईं। मौके पर उपस्थित भाजपा नेताओं ने नए कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। जिलाध्यक्ष प्रज्ञा पाटिल ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा महिलाओं के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों से प्रभावित होकर महिलाओं ने भाजपा में विश्वास जताया है।

### वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में महिलाओं का स्वागत

प्रज्ञा पाटिल के मार्गदर्शन में वसई और नालासोपारा विधानसभा क्षेत्रों की नई महिला कार्यकर्ताओं का भाजपा परिवार में स्वागत किया गया। कार्यक्रम में महामंत्री मनोज बरोट, जोगेंद्र प्रसाद चौबे, जिला उपाध्यक्ष सकीना नूरानी, देवराज सिंह, अचोले मंडल अध्यक्ष सुनील तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# उल्हासनगर की राजनीति में बड़ा झटका

## निर्मले-किशनानी परिवार सहित चार बड़े नेता भाजपा में शामिल

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

शहर की राजनीति में रविवार को बड़ा सियासी फेरबदल देखने को मिला। पूर्व महापौर विद्या निर्मले और उनके पति विजय निर्मले ने उभाठा समूह को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया। इसी के साथ उद्योगपति कालानी समूह के करीबी गोधू किशनानी और प्रवीण किशनानी भी भाजपा में शामिल हो गए। इन चार प्रभावशाली नेताओं के भाजपा में आने से उल्हासनगर की भविष्य की राजनीतिक स्थिति पर बड़ा असर पड़ने के संकेत मिल रहे हैं।

### निर्मले दंपत्ति ने जिला कार्यालय में थामा भाजपा का हाथ



निर्मले दंपत्ति ने भाजपा जिला अध्यक्ष कार्यालय में आयोजित विशेष कार्यक्रम में औपचारिक रूप से पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इसी दिन किशनानी बंधुओं ने अपने निवास स्थान पर भाजपा में प्रवेश किया। दोनों कार्यक्रमों में कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने लायक था। कार्यक्रम में महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सभी नेताओं का स्वागत किया और कहा कि यह प्रवेश भाजपा के उल्हासनगर संगठन के लिए एक "टर्निंग पॉइंट" साबित होगा।

### प्रवीण किशनानी को उप-जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी

भाजपा में शामिल होने के तुरंत बाद पार्टी ने प्रवीण किशनानी को भरोसा जताते हुए भाजपा उप-जिला अध्यक्ष पद की घोषणा की। पार्टी नेताओं का कहना है कि निर्मले दंपत्ति का वर्षों का राजनीतिक अनुभव और किशनानी परिवार का मजबूत सामाजिक एवं व्यावसायिक नेटवर्क उल्हासनगर में भाजपा की पकड़ और प्रभाव को व्यापक करेगा।

### कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नेता व कार्यकर्ता उपस्थित

इस अवसर पर विधायक कुमार आयलनी, भाजपा उल्हासनगर जिला अध्यक्ष राजेश वधरिया, मनोहर खेमचदनी, नरेंद्र राजानी, प्रदीप रामचंदानी सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# खुंटवली में बीजेपी की जोरदार सभा वालेकर के गढ़ में वाघ ने दी चुनौती




डीबीडी संवाददाता | अंबरनाथ

आगामी नगर निकाय चुनावों के मद्देनज़र खुंटवली क्षेत्र का राजनीतिक तापमान अचानक बढ़ गया है। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने एक बड़ी जनसभा का आयोजन कर सीधे शिवसेना के शहर प्रमुख अरविंद वालेकर के राजनीतिक गढ़, उनके निवास स्थान के नज़दीक उन्हें सीधी चुनौती दी है। शनिवार रात को आयोजित इस भव्य सभा को बीजेपी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष और विधायक चित्रा वाघ ने संबोधित किया। खुंटवली के भवानी चौक में हुई यह सभा नगराध्यक्ष पद की उम्मीदवार तेजश्री करंजुले और नगरसेवक पद के उम्मीदवारों पवन वालेकर, मीना वालेकर, बबलू सिंह, मिनू सिंह के चुनाव प्रचार का हिस्सा थी। अपने भाषण के दौरान विधायक चित्रा वाघ ने सीधे अरविंद वालेकर पर तीखा शाब्दिक हमला किया। उन्होंने वालेकर को ललकारते हुए कहा, 'आपने मेरा जिक्र किया, इसीलिए मैं जवाब दे रही हूं। इसके आगे मुहंतोड़ जवाब दिया जाएगा।' वाघ ने स्पष्ट शब्दों में 'मेरे पीछे मत पड़ो,'का सीधा इशारा देते हुए यह आत्मविश्वास जताया कि बीजेपी खुंटवली के इस पारंपरिक राजनीतिक केंद्र में कमल खिलाकर (जीत हासिल कर) रहेगी। इस दौरान बीजेपी के वरिष्ठ पदाधिकारी गुलाबराव करंजुले पाटील और अभिजीत करंजुले पाटील ने भी कार्यकर्ताओं और नागरिकों का मार्गदर्शन किया। सभा में इलाके के नागरिकों और पार्टी कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे बीजेपी की शक्ति प्रदर्शन सफल रहा।

# महावितरण ने ठाणे में 42 लाख की बिजली चोरी पकड़ी

### होटल 'द रिकॉर्ड' पर छापेमारी, मीटर में इलेक्ट्रॉनिक रिमोट सर्किट का इस्तेमाल

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

महावितरण के उड़नदस्ते ने कोलशेत क्षेत्र में स्थित होटल 'द रिकॉर्ड' पर छापा मारकर 42 लाख रुपये की बिजली चोरी का बड़ा मामला उजागर किया है। जांच में सामने आया कि होटल संचालक पिछले एक साल से बिजली मीटर में छेड़छाड़ कर और इलेक्ट्रॉनिक रिमोट सर्किट का उपयोग करके असली बिजली खपत छिपा रहा था।

### मीटर में छेड़छाड़, रिमोट से खपत छिपाई गई




मुख्य अभियंता संजय पाटिल के निर्देश पर संदिग्ध मीटरों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान होटल के मीटर में अनियमितताएं पाई गईं। महावितरण कोलशेत उप-विभाग के सहायक अभियंता विठ्ठल माने, फोरमैन किरण दंडवते और मुख्य तकनीशियन राजेंद्र बाने ने मीटर की जांच की तो पाया कि मीटर की सील तोड़ी गई थी और मीटर पल्स रिकॉर्ड नहीं कर रहा था। गहन जांच में स्पष्ट हुआ कि मीटर में एक इलेक्ट्रॉनिक रिमोट सर्किट लगाया गया था, जिसकी मदद से खपत कम दिख रही थी। उपभोक्ता प्रतिनिधि की मौजूदगी में की गई जांच में भी इसकी पुष्टि हुई। प्रतिनिधि ने स्वीकार किया कि रिमोट सर्किट बिजली चोरी के उद्देश्य से लगाया गया था।

### महावितरण की चेतावनी

मुख्य अभियंता संजय पाटिल ने कहा कि बिजली चोरी एक दंडनीय अपराध है और इसका बोझ ईमानदार उपभोक्ताओं पर पड़ता है। महावितरण का अभियान लगातार जारी है और भविष्य में ऐसी घटनाओं पर और भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### दो पर केस दर्ज, कार्रवाई जारी

इस मामले में बिजली उपभोक्ता शिवराम शेट्टी और उपयोगकर्ता शैलेश देढिया के खिलाफ कोपरी पुलिस स्टेशन में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 और 138 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले कापरबावड़ी पुलिस स्टेशन में भी होटल मालिक के खिलाफ बिजली चोरी का मामला दर्ज किया जा चुका है।

# स्कूल यात्राओं के लिए राज्य परिवहन निगम की नई बसें

### परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने दी जानकारी

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

राज्य परिवहन मंत्री एवं महाराष्ट्र राज्य परिवहन निगम (एसटी) के अध्यक्ष प्रताप सरनाईक ने घोषणा की है कि इस वर्ष स्कूली और कॉलेज यात्राओं के लिए एसटी निगम अपनी नई बसें उपलब्ध कराएगा। सरकार की ओर से छात्रों को यात्रा के कुल किराए में 50% की छूट दी जाती है, जिससे वे राज्य के धार्मिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक पर्यटन स्थलों की यात्रा कम लागत में कर सकेंगे। मंत्री सरनाईक ने बताया कि दिवाली अवकाश के बाद छात्र विभिन्न पर्यटन स्थलों की ओर रुख करते हैं, ऐसे में स्कूली ट्रिप का अनुभव सुरक्षित और आरामदायक रहे, इसके लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। राज्य के 251 एसटी डिपो से रोज़ाना 800 से 1000 बसें स्कूलों और कॉलेजों को यात्राओं के लिए उपलब्ध कराई जाएँगी। इस वर्ष इन यात्राओं के लिए एसटी की नई बसों को तैनात किया जा रहा है। पिछले वर्ष नवंबर से फरवरी के बीच राज्य भर में कुल 19,624 बसें स्कूल यात्राओं के लिए उपलब्ध कराई गई थीं, जिससे निगम को 92 करोड़ रुपये (प्रतिपूर्ति सहित) का राजस्व प्राप्त हुआ था।

# भिवंडी की डाइंग-साइजिंग कंपनियों में बढ़ती आग की घटनाओं पर सख्ती

### ऊर्जा विभाग करेगा सभी इकाइयों की इलेक्ट्रिक सेफ्टी जांच

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

हाल ही में सरावली एमआईडीसी स्थित मंगलमूर्ति डाइंग में लगी विनाशकारी आग के बाद ऊर्जा विभाग सक्रिय हो गया है। विभाग ने शहर व आसपास की सभी डाइंग, साइजिंग और प्रोसेसिंग कंपनियों में बड़े स्तर पर इलेक्ट्रिक सेफ्टी जांच शुरू करने का निर्णय लिया है, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके। यह जानकारी ऊर्जा विभाग ठाणे-2 के सहायक विद्युत निरीक्षक अरुण जाधव ने दी।

### 250 से अधिक चिमनी वाले कारखाने, पर सुरक्षा कमजोर

भिवंडी और आसपास के क्षेत्रों में लगभग 250 से अधिक डाइंग, प्रोसेस हाउस और साइजिंग कंपनियां संचालित हैं। अधिकांश में-पर्याप्त अग्निशमन व्यवस्था नहीं, पुराने और असुरक्षित विद्युत सिस्टम, ओवरलोड मशीनें, सुरक्षा मानकों की लगातार अनदेखी जैसी समस्याएं मौजूद हैं। इसी लापरवाही के कारण यहां बार-बार आग की घटनाएं होती रहती हैं। ज्यादातर घटनाओं के पीछे शॉर्ट सर्किट और असुरक्षित इलेक्ट्रिक इंस्टॉलेशन ही कारण बनते हैं।

### सभी कंपनियों की होगी विद्युत सुरक्षा जांच

विद्युत निरीक्षक राजेश यादव के निर्देश पर भिवंडी और आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों में इलेक्ट्रिक सेफ्टी का विशेष अभियान चलाया जाएगा। जांच के दायरे में यह उपकरण और सिस्टम शामिल रहेंगे- अर्थिंग, वायरिंग और केबलिंग, ट्रांसफार्मर सुरक्षा और आरसीसीबी और ओवरलोड सेफ्टी सिस्टम। कमियां मिलने पर कंपनियों को तुरंत सुधार के निर्देश दिए जाएंगे। निर्धारित समय में सुधार न करने पर विद्युत सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई होगी। ऊर्जा विभाग की इस सख्ती से उद्योग क्षेत्र में मिली-जुली प्रतिक्रिया देखी जा रही है।



### आग पर रोक और सुरक्षा व्यवस्था होगी मजबूत

ऊर्जा विभाग का मानना है कि बड़े स्तर की इलेक्ट्रिक सेफ्टी जांच से-आगजनी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण, उद्योगों में सुरक्षा मानकों का पालन, कर्मचारियों और मशीनरी की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। सहायक विद्युत निरीक्षक ने सभी कंपनियों से अपील की है कि वे विद्युत सुरक्षा को प्राथमिकता दें और किसी भी तरह की लापरवाही से बचें।

### थर्मोपैक लीकेज से लगी थी आग, कई सुरक्षा खामियां मिलीं

8 नवंबर को मंगलमूर्ति डाइंग में भीषण आग लगी थी, जिसमें तीन मंजिला इमारत और मशीनरी जलकर राख हो गई। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि आग का मुख्य कारण थर्मोपैक में हुआ लीकेज था। साथ ही बिजली संबंधी गंभीर खामियां-जैसे खराब वायरिंग, अर्थिंग की कमी, ट्रिपिंग सिस्टम की कमजोरी आदि—भी पाई गईं। कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी कर 30 दिनों में जवाब देने को कहा गया है।

# भिवंडी में सड़क चौड़ीकरण पर बड़ी कार्रवाई आज से

### अंजूर फाटा से कल्याण नाका तक सैकड़ों दुकानें–मकान हटेंगे

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

अंजूर फाटा से कल्याण नाका तक सड़क विस्तारीकरण के लिए भिवंडी मनपा आज से बड़े पैमाने पर तोड़क कार्रवाई शुरू करने जा रही है। मेट्रो लाइन 5 के कार्य में बाधा बनी सैकड़ों दुकानें, मकान और अन्य निर्माण इसके दायरे में आएंगे। यह कार्रवाई 36 मीटर चौड़ी डीपी रोड के निर्माण और मेट्रो प्रोजेक्ट को तेज़ी देने के लिए की जा रही है। दो दिन पहले मनपा आयुक्त अनमोल सागर, मनपा अधिकारियों और एमएमआरडीए कमिश्नर के बीच हुई महत्वपूर्ण बैठक में अतिक्रमण तुरंत हटाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद इंजीनियरिंग और टाउन प्लानिंग विभाग ने तैयारी पूरी की और प्रभावित मकानों–दुकानों को नोटिस जारी कर दिए गए। प्रशासन का कहना है कि सर्वे पूरा हो गया है और कार्रवाई डीपी प्लान के अनुसार होगी।

### प्रभावितों में भारी बेचैनी



तोड़क कार्रवाई की खबर से स्थानीय नागरिकों और दुकानदारों में चिंता का माहौल है। लोगों का आरोप है कि न तो उचित मुआवजा दिया गया और न वैकल्पिक व्यवस्था। मनपा ने इसके जवाब में कोर्ट में क्यूट (Stay Application) दायर कर रखा है ताकि संपत्ति मालिक अदालत से अलग-अलग स्टे न प्राप्त कर सकें। एक अधिकारी ने कहा, यह प्रोजेक्ट भिवंडी के लिए लाइफलाइन है। जिन संरचनाओं का हिस्सा सड़क में आता है, उन्हें समय रहते नोटिस दिया गया है। कोशिश होगी कि किसी को अनावश्यक नुकसान न हो।

### नागरिकों में मिली-जुली प्रतिक्रिया

कुछ नागरिक सड़क चौड़ीकरण को आवश्यक बताते हुए इसे ट्रैफिक सुधार और मेट्रो प्रोजेक्ट की जरूरत कह रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ प्रभावित परिवारों का कहना है कि विकास जरूरी है, लेकिन बेघर करके नहीं।

### भिवंडी के लिए अहम प्रोजेक्ट

अंजूर फाटा–कल्याण नाका सड़क चौड़ीकरण को शहर का महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट माना जा रहा है। इसके बाद यह मार्ग मेट्रो स्टेशनों, औद्योगिक क्षेत्रों और प्रमुख रूटों को सहजता से जोड़ सकेगा। पहले चरण में लगभग दो किलोमीटर हिस्से पर कार्रवाई की जाएगी।

# बागेश्वर धाम के नाम पर बुजुर्ग महिला से 24 लाख की ठगी

### विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में आठ आरोपियों पर मामला दर्ज

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

'बागेश्वर धाम' में धार्मिक अनुष्ठान और होम-हवन के नाम पर एक 70 वर्षीय सेवानिवृत्त महिला से 24 लाख 60 हजार रुपये की ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में आठ आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### अकेलेपन का फायदा उठाकर रची ठगी की साजिश

पीड़िता शकुंतला बुलचंद आहूजा (उम्र 70), निवासी साईं मेहरवान पैलेस, विट्ठलवाड़ी-अकेली रहती हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी करिश्मा, साहिल, गोली, उषा, उसके बच्चे और 'गुरुजी' नामक व्यक्ति समेत कुल आठ लोगों ने महिला के अकेलेपन का लाभ उठाते हुए ठगी की योजना बनाई।

### किराए के बहाने शुरू हुई ठगी, धार्मिक आस्था का उठाया लाभ



जनवरी 2023 से लेकर 11 नवंबर 2025 तक आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से पीड़िता से धन ऐंठा। शुरुआत में करिश्मा ने कमरा किराए पर लेने के बहाने महिला से 10 लाख रुपये नकद ले लिए। बाद में उसी रकम को वापस दिलाने और 'घर की अव्यवस्थाएँ दूर' करने का दावा कर आरोपियों ने पीड़िता को बहकाया कि 'बागेश्वर धाम' में बाबा की पूजा, होम-हवन और दान करने से सारी समस्याएँ खत्म हो जाएँगी। धार्मिक विश्वास का फायदा उठाते हुए आरोपियों ने पीड़िता से 8 तोला सोने के आभूषण, 10 ग्राम हीरे, नकद रकम समेत कुल 24,60,000 की ठगी की। 11 नवंबर 2025 को आरोपियों ने पीड़िता को "बागेश्वर धाम बाबा का प्रसाद" कहकर मिठाई खिलाई, जिसमें सुन्न करने वाली दवा मिली हुई थी। बेहोश होने के बाद पीड़िता के हाथ से 20 ग्राम का सोने का कड़ा भी उतार लिया गया।


### पुलिस ने आरोप दर्ज किए, जाँच जारी

होश में आने के बाद घटना की जानकारी होते ही महिला ने विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने सभी आठ आरोपियों पर धोखाधड़ी, साजिश और अन्य गंभीर धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। मामले की आगे की जाँच पुलिस उपनिरीक्षक बी.आर. दराडे द्वारा की जा रही है।

# मध्य रेल के मुंबई मंडल ने स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं में वृद्धि की

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मध्य रेल अपने नेटवर्क में स्टेशन सुविधाओं को बढ़ाकर बेहतर यात्री सुविधा और सुरक्षा प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता जारी रखे हुए है। सभी यात्रियों के लिए आरामदायक, सुलभ और निर्बाध यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण उन्नयन और स्थापनाएँ की गई हैं। अक्टूबर-2025 के महीने में मुंबई मंडल द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की मुख्य विशेषताएँ इस प्रकार हैं।



### यात्री जानकारी

जीपीएस घड़ियाँ और सार्वजनिक संबोधन प्रणाली, उरण स्टेशन पर एक जीपीएस टावर घड़ी लगाई गई है। माटुंगा स्टेशन पर जन संबोधन प्रणाली को स्पष्ट और बेहतर सूचना पहुँच के लिए 35 स्पीकरों वाली आईपी आधारित प्रणाली में अपग्रेड किया गया है।

### यात्री टिकटिंग

मोबाइल यूटीएस सहायक–मध्य रेल पर मोबाइल यूटीएस सहायकों की सुविधा शुरू की गई है, जिसमें सीएसएमटी पर 3 सहायक कार्यरत हैं। मोबाइल फोन और एक छोटी टिकट प्रिंटिंग मशीन से लैस ये एम–यूटीएस सहायक, कॉनकोर्स, होल्डिंग एरिया या रेलवे परिसर में प्रतीक्षारत लोगों से संपर्क करते हैं और टिकट का भुगतान करने पर टिकट जारी करते हैं। मध्य रेल स्टेशन सुविधाओं को उन्नत करने के अपने प्रयासों में निरंतर लगा हुआ है, जिसमें समग्र यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए आधुनिक तकनीक और बुनियादी ढाँचे में सुधार शामिल हैं। ये पहल यात्री–अनुकूल रेलवे नेटवर्क के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं, जो सुगम्यता, सुविधा और सुरक्षा पर ज़ोर देती हैं।

### यात्री सुविधा


**एस्केलेटर**:4 एस्केलेटर प्रदान किए गए हैं, जिनमें डोंबिवली (प्लेटफ़ॉर्म संख्या 3 और 4) और कुर्ला (प्लेटफ़ॉर्म संख्या 5 और 6) स्टेशनों पर 2–2 एस्केलेटर शामिल हैं।

**बीएलडीसी पंखे और एयर सर्कुलेटर पंखे:** विभिन्न स्टेशनों पर 92 अतिरिक्त ब्रशलेस डायरेक्ट करंट (बीएलडीसी) पंखे प्रदान किए गए हैं। बीएलडीसी पंखे ब्रशलेस डीसी मोटर का उपयोग करने वाले पंखे होते हैं जो पारंपरिक इंडक्शन मोटर पंखों की तुलना में अधिक ऊर्जा कुशल और कम शोर करने वाले होते हैं। इनमें कार्बन ब्रश की जगह इलेक्ट्रॉनिक नियंत्रक और स्थायी चुंबक का उपयोग किया जाता है, जिससे ऊर्जा की खपत 50 से 70% तक कम हो जाती है। विभिन्न स्टेशनों पर 33 नए अतिरिक्त एयर सर्कुलेटर पंखे उपलब्ध कराए गए हैं। ये एयर सर्कुलेटर, केवल एक दिशा में हवा उड़ाने वाले पारंपरिक पंखों के विपरीत, निरंतर और एकसमान वायु संचार प्रदान करते हैं।

**नई ऊर्जा कुशल एलईडी ट्यूबलाइट्स**: विभिन्न स्टेशनों पर 386 एलईडी ट्यूबलाइट्स उपलब्ध कराई गई हैं। ये एलईडी ट्यूबलाइट्स ऊर्जा कुशल हैं, इनका जीवनकाल लंबा है और रखरखाव व प्रतिस्थापन लागत कम है। ये बेहतर रोशनी प्रदान करती हैं और पर्यावरण के अनुकूल हैं।

# डिप्टी रजिस्ट्रार से 25 लाख की वसूली की कोशिश


दो आरोपी गिरफ्तार, फर्जी पत्रकार बनकर धमकाने का आरोप




**ठाणे।** ठाणे जिले में एक संयुक्त उप पंजीयक (डिप्टी रजिस्ट्रार) से 25 लाख रुपये की जबरन वसूली का मामला सामने आया है। खुद को पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता बताने वाले दो आरोपियों ने अधिकारी को झूठी शिकायतें करने और मीडिया में गलत खबरें फैलाने की धमकी दी थी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित अधिकारी की शिकायत के अनुसार तीन लोगों ने उनके खिलाफ वरिष्ठ अधिकारियों को मानहानिकारक शिकायतें भेजीं। आरोप है कि इन लोगों ने मीडिया में भी ग़लत जानकारी फैलाकर अधिकारी की छवि खराब करने की कोशिश की। इसके बाद पीड़ित से 25 लाख रुपये की मांग की गई और चेतावनी दी गई कि पैसे न दिए तो उनका निलंबन करवाया जाएगा। शिकायत मिलते ही जबरन वसूली निरोधक दस्ते ने जाल बिछाया। शुक्रवार को कलवा इलाके में एक रेस्तरां के पास एक आरोपी को पीड़ित से 20 लाख रुपये लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। इसके बाद दूसरे आरोपी को मीरा-भाईंदर से दबोचा गया।

गिरफ्तार दोनों आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 308(2) (जबरन वसूली) और 3(5) (सामान्य इरादे) समेत कई गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। शनिवार को स्थानीय अदालत में पेशी के बाद दोनों को 18 नवंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी फर्जी पहचान का इस्तेमाल कर सरकारी अधिकारी पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे थे।

# जीटीबी नगर की 25 सिंधी इमारतों का होगा पुनर्विकास



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई के जीटीबी नगर के सायन कोलीवाड़ा स्थित सिंधी शरणार्थियों की 25 इमारतों के पुनर्विकास का रास्ता साफ होता दिखाई दे रहा है. अब निवासियों की सहमति की शर्त हटा दी गई है. इस संबंध में महाराष्ट्र सरकार ने जीआर जारी कर दिया है।

इस प्रोजेक्ट के पुनर्विकास के लिए मेसर्स कीस्टोन रियल्टर्स (रुस्तमजी ग्रुप) को विकासकर्ता नियुक्त किया गया है। करीब 11 एकड़ में फैली इस कॉलोनी में सिंधी शरणार्थियों की 25 इमारतों में लगभग 1,200 फ्लैट थे। इसके अलावा, शेष खाली जमीन पर 200 झोपड़ियां थीं. साल 2020 में मुंबई मनपा ने इन इमारतों को खतरनाक घोषित कर दिया था। इसके के बाद इमारतों को गिरा दिया गया था। साथ ही झोपड़े भी तोड़ दिए गए थे। निवासियों को कहीं और शिफ्ट होना पड़ा था। तब से वे लोग अपने घरों का इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले, एक डेवलपर ने उनके पास पुनर्विकास का प्रस्ताव रखा था। लोगों ने हाई कोर्ट का भी दरवाजा खटखटाया था। लेकिन अदालत ने उन्हें राहत नहीं दी।

राज्य सरकार ने इस परियोजना को महाराष्ट्र आवास क्षेत्र विकास प्राधिकरण (म्हाडा) के माध्यम से विकसित करने का फैसला किया है। इस मामले में, म्हाडा ने निर्माण व विकास एजेंसी के तहत पुनर्विकास प्रक्रिया शुरू की है। सरकारी निर्णय दिनांक 04 जुलाई 2019 के अनुसार कार्यवाही करनी होगी और इस संबंध में म्हाडा को एक प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा।

भटकते कुत्तों पर कार्रवाई रोकने की मांग

# मुंबई यूथ कांग्रेस और पशुप्रेमियों का प्रदर्शन




डीबीडी संवाददाता | मुंबई

सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद मुंबई में भटकते कुत्तों पर तेज़ी से की जा रही कार्रवाई के विरोध में आज शिवाजी पार्क में मुंबई यूथ कांग्रेस और पशुप्रेमी संगठनों ने प्रदर्शन किया। इस आंदोलन का नेतृत्व मुंबई यूथ कांग्रेस की अध्यक्ष ज़ीनत शबरीन ने किया। कांग्रेस पदाधिकारियों और पशुप्रेमी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने भटकते कुत्तों को पकड़ने और हटाने की मौजूदा प्रक्रिया को अन्यायपूर्ण और अमानवीय बताते हुए इसका कड़ा विरोध जताया।

### जानवर अपनी आवाज़ नहीं उठा सकते, मानवता हमारी जिम्मेदारी

प्रदर्शन के दौरान ज़ीनत शबरीन ने कहा कि भटकते जानवर स्वयं अपनी बात नहीं कह सकते, इसलिए उनके साथ क्रूरता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा, "एक ज़िम्मेदार समाज के रूप में मानवता, करुणा और न्याय की रक्षा करना हमारी सामूहिक ज़िम्मेदारी है।"

### 'वैकल्पिक व्यवस्था बिना कार्रवाई अव्यवहारिक'

यूथ कांग्रेस ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश व्यापक है, और सही क्रियान्वयन के लिए पर्याप्त शेल्टर, चिकित्सीय सुविधाएँ, ABC (Animal Birth Control) केंद्र, प्रशिक्षित तंत्र का होना आवश्यक है। लेकिन मुंबई में बिना वैकल्पिक व्यवस्था तैयार किए ही कार्रवाई शुरू कर देना अमानवीय और अव्यवहारिक है।


### मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी द्वारा वोट चोरी का मुद्दा उठाने के तुरंत बाद इस तरह की कार्रवाइयों को तेज़ कर दिया गया है, ताकि मूल मुद्दों से जनता का ध्यान हटाया जा सके। उन्होंने कहा कि जैसे दादर में कबूतर खाने के मामले में समाधान ढूंढा गया, वैसे ही भटकते कुत्तों के लिए भी वैकल्पिक व्यवस्था तैयार करना सरकार की जिम्मेदारी है। यूथ कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि ये जानवर भी शहर का हिस्सा हैं और उन्हें भी जीने का अधिकार है। मुंबई यूथ कांग्रेस ने पशुप्रेमियों और पशु-अधिकार संगठनों के साथ खड़े रहने का आश्वासन दोहराया।

# बांद्रा किले में शराब पार्टी, सीएम फडणवीस ने दिए कार्रवाई के आदेश

**मुंबई।** मुंबई के बांद्रा किले में चल रही एक शराब पार्टी का को लेकर हंगामा खड़ा हो गया है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

शिवसेना ठाकरे गुट के नेता अखिल चित्रे ने अपने ट्विटर अकाउंट पर इस वीडियो शेयर करते हुए कुछ सवाल उठाए हैं। एक ऐतिहासिक किले में शराब पार्टी करने की इजाजत कैसे दी जाती है? विपक्ष ने इसे लेकर राज्य सरकार को घेरा है। इस मामले को लेकर राज्य सरकार, आबकारी विभाग और मुंबई महानगरपालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। इस बीच मुख्यमंत्री फडणवीस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा



कि मैंने इस घटना का वीडियो नहीं देखा है। लेकिन कुछ लोगों ने मुझे इसके बारे में बताया है। अगर ऐसी पार्टी की इजाज़त दी गई है, तो निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी। मुंबई भाजपा अध्यक्ष अमित साटम ने भी मामले को गंभीर बताते हुए दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

### कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने की राज्य सरकार की आलोचना

कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने राज्य सरकार की आलोचना करते हुए मांग की है कि बांद्रा किला जो एक विरासत है। इसमें शराब पार्टी की इजाजत कैसे दी जा रही है? संबंधित अधिकारियों के ख़िलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। शिवसेना ठाकरे गुट के नेता अखिल चित्रे के अनुसार महाराष्ट्र के किलों में क्या हो रहा है? महाराष्ट्र सरकार का राज्य आबकारी विभाग और बीएमसी पुर्तगालियों द्वारा निर्मित और बाद में ब्रिटिश व मराठा साम्राज्य के इतिहास का गवाह बने बांद्रा किले में शराब पार्टी की इजाजत कैसे दे रहे हैं? किले में शराब पार्टी का आयोजक कौन है, क्या महाराष्ट्र पर्यटन' विभाग है? आख़िर राज्य में हो क्या रहा है? स्थानीय विधायक और तथाकथित 'सांस्कृतिक मंत्री' आशीष कुरैशी कहां हैं? राजधानी मुंबई के उपेक्षित किलों से शुरुआत करें और अगर इससे भी बात न बने तो राज्य के दूसरे किलों में भी शराब पार्टी फैलाएं।

# गला घोंटकर पत्नी की हत्या



**नागपुर।** मानकापुर थाना क्षेत्र में अवैध संबंधों के संदेह को लेकर हुए विवाद में पति ने अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। आरोपी ने घटना को छिपाने के लिए पत्नी की तबीयत बिगड़ने का बहाना बनाया, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सच सामने आने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी सुनील नारायण यदुवंशी (26) और मृतका रानी यदुवंशी (19) का विवाह दो वर्ष पहले हुआ था। मूल रूप से मध्य प्रदेश निवासी यह परिवार काम की तलाश में नागपुर आया था। सुनील मानकापुर रिंग रोड स्थित एक लॉन में नौकरी करता था और वहीं सर्वेंट रूम में मां, पत्नी और अपनी 8 महीने की बच्ची के साथ रहता था। पिछले कुछ समय से सुनील को शक था कि रानी के किसी अन्य पुरुष से संबंध हैं। इसी को लेकर दोनों के बीच पहले भी विवाद हो चुके थे। शनिवार रात सुनील दोस्तों के साथ ढाबे पर भोजन कर देर रात करीब 2 बजे नशे की हालत में वापस घर लौटा।


# बिहार चुनाव पर सीएम का हमला

बिना सबूत वोट चोरी का आरोप लगाएंगे तो आगे भी हारेंगे

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को विपक्ष पर तीखा हमला बोला। फडणवीस ने कहा कि कांग्रेस बिना किसी सबूत के 'वोट चोरी' और 'चुनावी अनियमितताओं' का आरोप लगाती है, जबकि अदालत और चुनाव आयोग के सामने इसका कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर पाती। उन्होंने कहा कि इसी वजह से कांग्रेस लगातार चुनावों में पराजित हो रही है।

### 'ईवीएम बहानेबाज़ी से नहीं चलने वाला काम'




मुख्यमंत्री फडणवीस ने कांग्रेस और विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि वे जमीनी हकीकत समझने के बजाय लगातार ईवीएम पर सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने कहा, 'जब अदालत सबूत मांगती है तो उनके पास कुछ नहीं होता। हवा में तीर चलाने से राजनीति नहीं चलती।' फडणवीस ने यह भी भविष्यवाणी की कि महाराष्ट्र के आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में कांग्रेस और विपक्षी दलों का 'बिहार जैसा ही हाल' होने वाला है।

### कांग्रेस को जनता से फिर से जुड़ना होगा

छत्रपति संभाजीनगर जिले के चिखलथाना में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फडणवीस ने कहा कि कांग्रेस तभी अपनी राजनीतिक ज़मीन बचा सकती है जब वह जनता के मुद्दों को ईमानदारी से उठाए। उन्होंने कहा, 'बिहार में चुनाव सभी के लिए हुए थे। मैं बिहार की जनता को धन्यवाद देता हूँ। देश में लोगों का विश्वास प्रधानमंत्री मोदी पर लगातार बढ़ रहा है। जनता झूठे आख्यानों का करारा जवाब दे रही है।'

### स्थानीय निकाय चुनाव: 'भाजपा नंबर वन बनेगी'

फडणवीस ने दावा किया कि छत्रपति संभाजीनगर सहित पूरे राज्य में भाजपा स्थानीय निकाय चुनावों में नंबर वन पार्टी होगी। उन्होंने कहा, 'नगर निगम, नगर पालिका और जिला परिषद तीनों चुनावों में हम बड़ी जीत हासिल करेंगे।' मुख्यमंत्री ने संकेत दिया कि जहां संभव होगा, वहां भाजपा महागठबंधन बनाकर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि गठबंधन न बन पाने की स्थिति में भी उनकी लड़ाई विपक्ष से नहीं, बल्कि अपने लक्ष्य से होनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'हम सुनिश्चित करेंगे कि अधिक से अधिक स्थानीय निकाय महागठबंधन के खाते में जाएँ।'

# नवजात को 5 लाख में बेचने की कोशिश

डॉक्टर–एजेंट समेत 5 पर केस दर्ज

**मुंबई।** गोवंडी इलाके में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक 21 वर्षीय अविवाहित महिला अपने नवजात बेटे को 5 लाख रुपये में बेचने की कोशिश कर रही थी। मानवाधिकार कार्यकर्ता की समय रहते मिली सूचना पर पुलिस ने छापा मारकर सौदा विफल कर दिया और डॉक्टर, एजेंट, नर्सिंग होम स्टाफ सहित कुल पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### पांच लोगों पर मामला दर्ज

पुलिस ने जिन पर केस दर्ज किया है, उनमें डॉ. कयामुद्दीन खान (नर्सिंग होम संचालक), अनिता पोट सावत (स्टाफ), बच्चे की मां, एजेंट शामा और खरीदार महिला दर्शना। इन सभी के खिलाफ आईपीसी की गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आगे की जांच में यह भी पता लगा रही है कि इस गिरोह ने अब तक कितने अवैध सौदे किए हैं।




### अवैध गर्भपात और प्रसव की गतिविधियों का भी खुलासा

पुलिस जांच में सामने आया है कि संबंधित नर्सिंग होम में लंबे समय से अवैध प्रसव और गर्भपात का धंधा चल रहा था। इसी नर्सिंग होम में महिला ने समय से पहले (प्रिमेच्योर) बच्चे को जन्म दिया था, जिसके बाद नवजात को बेचने की डील की तैयारी की जा रही थी।

### मानवाधिकार कार्यकर्ता की सूचना से बच गई मासूम की जान

मानवाधिकार कार्यकर्ता बीनू वर्घेसे को सौदे की संदिग्ध जानकारी मिली, जिसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। देवनार पुलिस स्टेशन के सहायक निरीक्षक कैलास सोनवणे की टीम मौके पर पहुंची और पूरे मामले का पर्दाफाश किया।

# तेजस्वी की सभाओं में भीड़ क्या थी एआई जनरेटेड?

## उद्धव ठाकरे ने उठाए बिहार चुनाव पर गंभीर सवाल

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में भी बहस तेज हो गई है। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने एनडीए की जीत पर बधाई देते हुए चुनाव प्रक्रिया और भीड़-जनाधार के बीच के विरोधाभास पर सवाल खड़े किए हैं। ठाकरे ने कहा कि लोकतंत्र में विजेता को सम्मान देना चाहिए, लेकिन यह समझ से परे है कि जिस नेता की सभाओं में भीड़ कम दिखती है, सरकार उसी की बनती है। ठाकरे ने RJD नेता तेजस्वी यादव की चुनावी सभाओं में उमड़ी भारी भीड़ पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि तेजस्वी की रैलियों में जो विशाल भीड़ नजर आई, वह वास्तविक थी या एआई के जरिए तैयार की गई, इस पर सवाल उठना स्वाभाविक है। उन्होंने व्यंग्य करते हुए पूछा, 'क्या बिहार चुनाव में दिखाई गई भीड़ असली थी या कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) से बनाई गई?'



### 'खाली कुर्सियों वाली पार्टी सरकार बनाती है': उद्धव ठाकरे

ठाकरे ने कहा कि लोकतंत्र में यह नया ट्रेंड समझ से परे है कि जिन नेताओं की रैलियों में खाली कुर्सियाँ दिखाई देती हैं, वही विजेता बन जाते हैं। उनका कहना था कि चुनावी सभाओं का ग्राउंड रियलिटी से मेल न खाना संदेह पैदा करता है, और चुनाव प्रक्रिया पर जनता का भरोसा कमजोर करता है।

### चुनाव आयोग की पारदर्शिता पर उठाए सवाल

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख ने सीधे चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में जो हुआ, वही अब बिहार में होते दिख रहा है। ठाकरे ने कहा कि बिहार चुनाव को लेकर देशभर में सवाल उठ रहे हैं, मगर किसी के पास स्पष्ट जवाब नहीं है। उन्होंने मांग की कि लोकतंत्र की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए चुनाव आयोग को पारदर्शी और स्पष्ट स्पष्टीकरण देना चाहिए। उद्धव ठाकरे ने कहा कि एनडीए ने चुनाव से पहले मुख्यमंत्री पद के चेहरे को स्पष्ट नहीं किया, जिससे पारदर्शिता पर सवाल उठते हैं। उन्होंने यह भी पूछा कि चुनाव परिणाम घोषित करने में देरी क्यों हुई और आयोग इसे लेकर साफ जवाब क्यों नहीं दे रहा।

# राज्यपाल के अध्यादेश पर हाई कोर्ट सख्त, 15 दिसंबर को होगी अंतिम सुनवाई



**मुंबई।** राज्यपाल द्वारा 13 अक्टूबर 2025 को जारी किए गए अध्यादेश संख्या IX/2025 को चुनौती देने वाली याचिका पर बॉम्बे हाई कोर्ट ने महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए मामले की सुनवाई 15 दिसंबर को सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है। यह याचिका एपीएमसी की निर्वाचित कार्यकारी समिति के सदस्य अहमद शेख और अन्य ने दायर की है। न्यायमूर्ति अनिल किल्लोर और न्यायमूर्ति रजनीश व्यास की खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि याचिका का अंतिम निपटारा 15 दिसंबर को ही करने का प्रयास किया जाएगा। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता ए.एम. घारे, जबकि राज्य सरकार की ओर से मुख्य सरकारी वकील देवेन चौहान उपस्थित रहे।

**पश्चिम रेलवे**

**मरम्मत/पुनर्निर्माण कार्य**

वरिष्ठ डीईई/टीआरएस/बीएल विद्युत लोको शेड, वलसाड **ई-निविदा सूचना संख्याः EL/TRS/BL/25-26/BRSP/XMER दिनांकः 08/11/2025 आमंत्रित करते हैं। कार्यः** 2 वर्ष की अवधि के लिए 3 फेज विद्युत इंजन के लिए 6531 केवीए ट्रांसफार्मर की मरम्मत/पुनर्निर्माण। **कार्य की अनुमानित लागतः**3,33,54,986.56,**बयाना राशिः** 3,16,800/-,**जमा करने की तिथि और समयः** 03.12.2025, 12:00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समयः** 03.12.2025 को 12:30 बजे। वेबसाइट विवरणः www.ireps.gov.in 0792

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**विद्युत कार्य**

वरिष्ठ डीईई/पी/मुंबई सेंट्रल, मुंबई **ई-निविदा संख्याः EL-81-917-WA-28 दिनांक 13-11-2025 आमंत्रित करता है। कार्य एवं स्थानः** मुंबई मंडलः अग्रीपाड़ा मुंबई सेंट्रल और नंदुरबार में सीएचआई स्टाफ कार्यालय के लिए स्टोर और चेंजिंग रूम के निर्माण से संबंधित विद्युत (पावर) कार्य। **कार्य की अनुमानित लागतः** 14,51,970/-,**बयाना राशिः** 29,000/-, **जमा करने की तिथि एवं समयः** 08.12.2025, 15:00 बजे तक। **खुलने की तिथि एवं समयः** 08.12.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें। 0791

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

## संपादकीय

# H-1B पर नई सख्ती

अमेरिका की नई H-1B नीति ने दुनिया भर के कुशल पेशेवरों—विशेषकर भारतीयों—के सामने अनिश्चितताओं का एक नया दौर खड़ा कर दिया है। अब विदेशी विशेषज्ञों को अमेरिका में केवल स्थानीय कर्मियों को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से बुलाया जाएगा और तीन से सात वर्ष की प्रशिक्षण अवधि पूरी होते ही उन्हें अपने देश लौटना होगा। यह मॉडल न सिर्फ स्थायी करियर की संभावनाओं को सीमित करता है, बल्कि यह भी संकेत देता है कि H-1B अब प्रतिभा का सम्मान नहीं, बल्कि उसका सीमित उपयोग करने वाला वीज़ा बनता जा रहा है। लंबे समय से भारतीय आईटी और टेक प्रोफेशनल्स अमेरिका की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनकर उभरे हैं, लेकिन नई नीति एक स्पष्ट संदेश देती है कि स्थायित्व और करियर सुरक्षा का रास्ता संकरा होता जा रहा है। भारत के लिए यह स्थिति इसलिए और गंभीर है क्योंकि देश के लाखों युवा बेहतर वेतन, उन्नत तकनीक, वैश्विक exposure और सुरक्षित भविष्य की तलाश में विदेश विशेषकर अमेरिका का रुख करते हैं। पिछले कुछ वर्षों में जारी आंकड़े दिखाते हैं कि H-1B वीज़ा प्राप्त करने वालों में भारतीयों की हिस्सेदारी लगभग तीन-चौथाई तक पहुंच चुकी है। यह न केवल भारतीय प्रतिभा की वैश्विक स्वीकार्यता का प्रमाण है, बल्कि इस बात का भी द्योतक है कि अमेरिकी कंपनियां भारतीय विशेषज्ञता पर गहरा भरोसा रखती हैं। लेकिन वीज़ा शुल्क में भारी बढ़ोतरी और नई सख्ती दिखाती है कि अमेरिका अब विदेशी पेशेवरों को केवल "कौशल-प्रदाता" की भूमिका तक सीमित करना चाहता है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के बयान—कि H-1B का उद्देश्य अमेरिकी कर्मियों को वह कौशल सिखाना है, जो उनके पास नहीं है—से यह नीति स्पष्ट रूप से समझ आती है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की "अमेरिका फर्स्ट" सोच का यह नया अध्याय वैश्विक गतिशीलता पर दूरगामी प्रभाव डाल सकता है। विनिर्माण इकाइयों को स्वदेश लौटाने का दबाव, वीज़ा शुल्क में वृद्धि और अब विदेशी प्रतिभा की सीमित उपयोगिता—ये तीनों कदम अमेरिकी आर्थिक राष्ट्रवाद की ओर इशारा करते हैं। सवाल उठता है कि क्या यह नीति विदेशी पेशेवरों के दीर्घकालिक भविष्य के साथ अन्याय नहीं करती? एक युवा विशेषज्ञ यदि यह जानता हो कि वह सात वर्षों की मेहनत के बाद भी वहां स्थायी अवसर नहीं पा सकेगा, तो वह किस मनोस्थिति में इस वीज़ा प्रक्रिया में निवेश करेगा? यह स्थिति भारतीय आईटी उद्योग के लिए भी कम चुनौतीपूर्ण नहीं है। अमेरिकी बाजार पर निर्भर भारतीय कंपनियों को अब अपनी रणनीतियों में बड़ा बदलाव करना पड़ेगा। साथ ही, यह भारत के लिए भी आत्ममंथन का समय है कि क्या हम अपना कौशल और प्रतिभा लगातार विदेशों पर निर्भर मॉडल पर आधारित रखना चाहते हैं, या फिर देश में ही ऐसे अवसर और इकोसिस्टम विकसित करना चाहते हैं जो वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी हों। अंततः यह स्पष्ट हो रहा है कि H-1B की नई रूपरेखा केवल एक प्रशासनिक बदलाव नहीं है; यह उन लाखों सपनों पर असर डाल रही है जो अमेरिका को अवसरों की धरती के रूप में देखते आए हैं। दुनिया की अर्थव्यवस्था सहयोग, नवाचार और प्रतिभा की स्वतंत्र आवाजाही से आगे बढ़ती है, न कि सीमाओं और संकीर्णताओं से। अमेरिका को यह समझना होगा कि प्रतिभा पर प्रतिबंध लगाना न उसकी तकनीकी बढ़त के हित में है और न वैश्विक विश्वास के। नई H-1B नीति एक चेतावनी है कि दुनिया बदल रही है—और उसके साथ-साथ भारत को भी अपने कौशल और संभावनाओं के लिए नए रास्ते तलाशने होंगे।

## शख्सियत | कीर्ति रेड्डी

### एक यादगार फिल्मी सफर



**कीर्ति रेड्डी का फिल्मी सफर भले ही कुछ वर्षों तक सीमित रहा हो, लेकिन जिस दौर में उन्होंने काम किया, उसमें उन्होंने अपनी सुंदरता, सहज अभिनय और स्क्रीन पर मौजूदगी से एक खास पहचान बनाई। उनकी छवि ऐसी अभिनेत्री की रही, जो ग्लैमर के साथ-साथ संवेदनशीलता को भी अपने अभिनय में सहजता से पिरो देती थीं। दक्षिण भारतीय सिनेमा में उनकी लोकप्रियता तेज़ी से बढ़ी, और शुरुआती सफलताओं ने उन्हें हिंदी फिल्मों तक पहुंचा दिया।**

उस समय इंडस्ट्री में नए चेहरों की भरमार थी, फिर भी कीर्ति ने अपनी शालीनता और संयमित अभिनय से एक अलग पहचान बनाई।

उनका शुरुआती जीवन रचनात्मक माहौल में बीता। उनकी माता स्वयं रचनात्मक क्षेत्र से जुड़ी थीं, जिससे कीर्ति के व्यक्तित्व पर कलात्मक प्रभाव स्वाभाविक रूप से पड़ा। परिवार की राजनीतिक पृष्ठभूमि और पढ़ाई में मिले विविध अनुभवों ने उनके व्यक्तित्व को और भी परिपक्व बनाया। बेंगलुरु जैसा महानगर, जहां वे पली-बढ़ीं, उनकी सोच को आधुनिक और विस्तृत बनाने में महत्वपूर्ण रहा। भरतनाट्यम जैसी शास्त्रीय कला का आठ वर्षों तक प्रशिक्षण उन्हें मनोबल, अनुशासन और अभिव्यक्ति का अलग कौशल देता है, जो आगे चलकर उनके अभिनय में भी झलकता है। कनाडा जाकर उच्च शिक्षा हासिल करना इस बात का संकेत था कि उनका दृष्टिकोण केवल अभिनय तक सीमित नहीं था, बल्कि जीवन के प्रति व्यापक और खुले मन का था।

फिल्मों में आने के बाद कीर्ति ने अधिकतर व्यावसायिक फिल्मों में काम किया और अपनी भूमिकाओं को सौम्यता के साथ निभाया। थोली प्रेमा में उनके द्वारा निभाया गया अनु का किरदार आज भी तेलुगु दर्शकों को याद है। इस किरदार में उन्होंने युवा प्रेम की मासूमियत और संवेदनशीलता को बेहद खूबसूरती से दर्शाया। इस फिल्म की सफलता ने उन्हें तेलुगु इंडस्ट्री में एक स्थापित नाम बना दिया। इसके बाद हिंदी फिल्मों में उनकी एंट्री हुई, जहां उनका सामना एक बड़े और विविध दर्शक वर्ग से था। तेरा जादू चल गया और प्यार इश्क और मोहब्बत में उनके काम ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। खासकर प्यार इश्क और मोहब्बत में उनकी भूमिका काफी परिष्कृत और भावपूर्ण थी।

2004 में आई अर्जुन में उनका किरदार बेहद महत्वपूर्ण था। यह भूमिका चुलबुली, भावुक और मजबूत व्यक्तित्व वाली बहन के रूप में थी, जिसे उन्होंने बहुत सहजता से निभाया। महेश बाबू के साथ उनकी केमिस्ट्री और भाई-बहन का भावपूर्ण रिश्ता फिल्म का एक खास हिस्सा बनकर उभरा। इसके लिए मिला फिल्मफेयर पुरस्कार यह साबित करता है कि अगर कीर्ति फिल्मों में लंबे समय तक बनी रहतीं, तो वे और भी बड़ी अभिनेत्री बन सकती थीं।

उनका निजी जीवन भी चर्चा में रहा। सुमंत के साथ उनकी शादी और फिर तलाक ने इंडस्ट्री और दर्शकों को आश्चर्यचकित किया। हालांकि बाद में उन्होंने निजी जीवन को प्राथमिकता देते हुए दोबारा विवाह किया और सिंगापुर में स्थिर जीवन को चुना। उनका फिल्मी दुनिया से दूर हो जाना इस बात का संकेत देता है कि कीर्ति ने हमेशा अपने जीवन में निजी संतुलन और शांति को महत्व दिया। आज वे अपने परिवार और बच्चों के साथ एक शांत, निजी और संतुष्ट जीवन जी रही हैं। यद्यपि उनका फिल्मी करियर अपेक्षाकृत छोटा था, लेकिन उन्होंने अपनी फिल्मों और किरदारों के माध्यम से ऐसा प्रभाव छोड़ा है, जिसे भुलाना आसान नहीं। उनकी सादगी, शालीनता, गहराई और अभिनय की परिपक्वता उन्हें उन कलाकारों की श्रेणी में रखती है, जो सीमित समय में भी एक स्थायी छाप छोड़ते हैं।



## जयोस्तुते

भाग-51



# भागवत कथासार

***राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का नेतृत्व कर रहे वर्तमान सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत अपनी स्पष्टवादिता के लिए जाने जाते हैं। संघ के दर्शन और विचारधारा को अत्यंत सरल, सहज और मधुर भाषा में प्रस्तुत करना उनकी विशेषता है।***



-दो बजे दोपहर

**मूल लेख : अवधूत वाघ**



(मुंबई के प्रथम आरएसएस संघचालक स्व. दादा राव नाईक की महान विरासत को जारी रखने और युवावस्था में आरएसएस और एबीवीपी से जुड़कर गर्व महसूस करनेवाले सारस्वत बैंक के पूर्व निदेशक अवधूत वाघ महाराष्ट्र भाजपा के राज्य प्रवक्ता हैं। वीजेटीआई से 1981 बैच के इंजीनियरिंग स्नातक और जमनालाल बजाज संस्थान से 1987 बैच के वित्तीय प्रबंधन में परा-स्नातक अवधूत वाघ एक शिक्षाविद् होने के साथ-साथ प्रखर समाजसेवी हैं। जल संसाधन क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करनेवाले चार्टर्ड इंजीनियर वाघ को भारत में पेट्रोलियम रिफाइनरियों में वीओसी संग्रह और निष्कासन प्रणाली के लिए आयात विकल्प प्रौद्योगिकी को डिजाइन करने का श्रेय जाता है। मंझे हुए कबड्डी खिलाड़ी और कवि-लेखक अवधूत वाघ ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर सिलसिलेवार ब्लॉग लिखकर भ्रांतियों को ध्वस्त करने और तथ्यों को सरल तरीके से सामने लाने का काम किया है।)

**कई** बार वे ऐसे मुद्दों पर भी खुलकर बोलते हैं जो आम जनता के लिए अलोकप्रिय होते हुए भी समाज के हित में होते हैं। इन मुद्दों पर वे निडर होकर अपने विचार प्रकट करते हैं। आधुनिकता को अपनाना हिंदू संस्कृति की परंपरा है। इसलिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर अपनी महान परंपराओं को सुरक्षित रखना और उसके माध्यम से हिंदुओं का संगठन करना ही एक प्रकार से संघ कार्य है। मोहनराव एक उत्कृष्ट वक्ता हैं और अपनी ओजस्वी वाणी से लोगों को प्रेरित करने की उनकी कुशलता अनुपम है।

आरक्षण के विषय में संघ की भूमिका को स्पष्ट करते हुए मोहनराव कहते हैं, ''जबसे आरक्षण लागू हुआ है, तब से लेकर आज तक, संविधान द्वारा मान्यता प्राप्त सभी प्रकार के आरक्षण का संघ पूरा समर्थन करता है। संघ का मत है कि जिनके लिए आरक्षण है, उन्हें जब तक उसकी आवश्यकता है, या जिन सामाजिक कारणों से आरक्षण दिया गया है, जब तक वह भेदभाव रहेगा- तब तक आरक्षण जारी रहना चाहिए।''



**समाज** में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सामाजिक समरसता पर बल देते हुए मोहन भागवत अपील करते हैं कि 'प्रत्येक गांव में एक मंदिर, एक कुआं और एक श्मशानभूमि' के आदर्श को अपनाकर सामाजिक सौहार्द के लिए प्रयास करना चाहिए।''

समाज में सामाजिक समरसता और सुसंवाद बढ़ाने हेतु डॉक्टर मोहन भागवत संघ के स्वयंसेवकों को सलाह देते हैं, ''राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों को समाज के सभी वर्गों तक पहुंचना चाहिए और उन्हें अपने घर आमंत्रित करना चाहिए ताकि जमीनी स्तर पर संवाद हो और एकता का संदेश फैले।''

**सशक्त** समाज के निर्माण के लिए प्रत्येक परिवार के सशक्त और सुसंस्कृत होने की आवश्यकता पर बल देते हुए डॉ. मोहन भागवत कहते हैं, ''परिवार समाज की मूल इकाई है। यह संस्कारों से प्राप्त मजबूत पारिवारिक मूल्यों पर आधारित होती है।''इस प्रकार व्यक्ति, परिवार, समाज और मानवता का एक सुंदर ताना-बाना बुनते हुए वे कहते हैं, '' मनुष्य को एक व्यक्ति के रूप में जीवन जीना होता है, लेकिन व्यक्ति अपने परिवार के लिए होता है, परिवार समाज के लिए होता है और समाज संपूर्ण मानवता के लिए होता है।''

हिंदू त्योहारों का महत्व समझाते हुए डॉक्टर मोहन भागवत कहते हैं, ''राष्ट्रवाद और सामाजिक एकता की नींव मजबूत करने के लिए हमें अपने त्योहारों को बड़े पैमाने पर मनाना चाहिए।''

संघ क्या करना चाहता है? इस प्रश्न का एक वाक्य में उत्तर देते हुए डॉक्टर मोहन भागवत कहते हैं, '' संघ संपूर्ण हिंदू समाज को संगठित करना चाहता है।'' तो फिर केवल हिंदू समाज को ही संगठित क्यों किया जाए? इस प्रश्न का उत्तर देते हुए वे कहते हैं- ''हिंदू समाज ही इस इस देश का जिम्मेदार समाज है।''

**हिंदुस्तान** के स्वभाव की व्याख्या करते हुए डॉक्टर मोहन भागवत कहते हैं, ''भारत देश केवल एक भूगोल नहीं है। भूगोल तो थोड़ा कम-ज्यादा हो सकता है। लेकिन भारत का अपना एक स्वभाव है। इसकी अपनी एक संस्कृति है। जिन लोगों को लगा कि वे इस स्वभाव और संस्कृति के साथ तालमेल नहीं बिठा पा रहे हैं, उन्होंने अपना अलग देश बना लिया है।''

हमें अपनी प्रथा-परंपराओं, संस्कृति, मातृभाषा, वेशभूषा, भोजन और उपासना पद्धति को केवल गौरव का विषय न मानते हुए, उन्हें अपने घर में भी अमल में लाना चाहिए, इस संबंध में डॉक्टर मोहन भागवत कहते हैं, ''हमारे घर की चारदीवारी के भीतर हमारी भाषा, वेशभूषा, भजन, भवन और भोजन- सब कुछ अपना होना चाहिए। मैं अपने घर में मातृभाषा का ही उपयोग करूंगा, अंग्रेजी का नहीं। पूजा-पाठ आदि धार्मिक कार्यों में मैं पारंपरिक वेशभूषा धारण करूंगा। इन बातों की अपने परिवार में चर्चा करनी होगी और अगली पीढ़ी को भी समझाना होगा।''

**हिंदू एकता** और संगठन की आवश्यकता समझाते हुए डॉक्टर कहते हैं, ''अगर हिंदू समाज को जीवित रहना है, तो हिंदू एकता जरूरी है। तभी शक्ति उत्पन्न होगी। यह बताने के लिए किसी विशेष उदाहरण की आवश्यकता नहीं है - यह सृष्टि का नियम है कि जो समाज संगठित होता है, वही फलता-फूलता है, और जो विखंडित होता है, उसका विनाश होता है। इतिहास और वर्तमान दोनों इसके साक्षी हैं।''

दुर्बलता के दुष्परिणाम स्पष्ट करते हुए मोहनराव कहते हैं, ''यदि हम दुर्बल हैं, असंगठित हैं, तो इसका मतलब है कि हम अत्याचार को आमंत्रण दे रहे हैं। उसके लिए किसी बहाने की आवश्यकता नहीं है। सिर्फ यह एक तथ्य कि हम दुर्बल हैं, हमारे उत्पीड़न के लिए पर्याप्त है।''

**संघ** कार्य को असाधारण बताते हुए और सदियों से ऐसा कार्य न होने की बात कहते हुए मोहनराव कहते हैं, ''संघ के कार्य को समझने की आवश्यकता है, क्योंकि सैकड़ों वर्षों के बाद संघ जो कार्य कर रहा है, उसके अनुसार मुझे तो लगता है कि तथागत गौतम बुद्ध के बाद पहली बार 'स्वभाव निर्माण' का कार्य पूरे देश में हो रहा है। यह समझने में समय लगेगा। परंतु जिन्हें लगता है कि इससे उनका धंधा बंद हो जाएगा, वे संघ के कार्य में बाधाएं उत्पन्न कर रहे हैं और संघ के बारे में दुष्प्रचार कर रहे हैं।''

**उतू** नको मातू नको, घेतला वसा टाकू नको यानी अतिउत्साह या अहंकार के अतिरेक में अपने संकल्प से न डिगने को आगाह करते हुए सरसंघचालक मोहनरावजी भागवत कहते हैं, '' परिस्थितियां बदलने में समय नहीं लगता। पहले लोग संघ की उपेक्षा करते थे - अब वह बंद हो गया है। पहले विरोध था - अब वह कम हो गया है। हम लगातार आगे बढ़ते रहे। अब स्थिति अनुकूल है। लेकिन हमारे लक्ष्य की दिशा, परिस्थितियों के अनुकूल होने पर भी, नहीं बदलनी चाहिए। जब उपेक्षा थी, वह हमें सावधान करती थी। जब विरोध था, वह भी हमें सावधान करता था। लेकिन अब जब सब अनुकूल है, तो हमें स्वयं सावधान रहना होगा।''

**राम** जन्मभूमि पर प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के दिन, भारत के राजनीतिक और सांस्कृतिक स्वतंत्रता के बीच के अंतर को स्पष्ट करते हुए सरसंघचालक डॉक्टर मोहनराव भागवत ने कहा, ''अनेक शताब्दियों तक विदेशी आक्रमणों का सामना करने वाले भारत की सच्ची स्वतंत्रता की प्रतिष्ठा आज हुई है। राजनीतिक स्वतंत्रता तो थी, लेकिन उसकी प्रतिष्ठा नहीं हुई थी।''

मोहनराव भागवत के विचारों से प्रभावित होकर और उनसे प्रेरणा लेकर कई लोगों ने स्वयं को संघ कार्य में समर्पित कर दिया है। मेरा मानना है कि संघ कार्य की एक निश्चित दिशा निर्धारित कर हिंदू संगठन करते हुए समाज की कुप्रथाओं, परंपराओं और जातिगत भेदभाव का विरोध करनेवाले मोहनराव आगे भी हिंदू समाज, राष्ट्र और विशेष रूप से युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे।

**क्रमशः**

**अनुसर्जन : श्वेता शालिनी**



(श्री हरि के आनंद-अश्रु से उपजी पापनाशिनी सरिता 'मां सरयू' की सेवा में समर्पित अपने परिवार की शुचिता और सेवा की विरासत को बखूबी सहेजनेवाली श्वेता शालिनी महाराष्ट्र भाजपा की प्रवक्ता और सोशल मीडिया प्रकोष्ठ की प्रभारी हैं। इससे पूर्व सचिव और भाजपा उत्तर भारतीय प्रकोष्ठ की महाराष्ट्र प्रभारी की जिम्मेदारियों का उल्लेखनीय निर्वाह कर चुकी श्वेता शालिनी इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट की उच्च शिक्षा प्राप्त करने के साथ-साथ एक सफल उद्यमी हैं। महाराष्ट्र सरकार गठित सेक्शन 8 कंपनी वीएसटीएफ की पूर्व कार्यकारी निदेशक भी रह चुकी हैं। एक प्रखर वक्ता के रूप में विशेष मुकाम रखनेवाली श्वेता शालिनी दर्शनशास्त्र, जीवन-शास्त्र और अर्थशास्त्र जैसे गूढ़ विषयों पर लिखनेवाली एक प्रतिष्ठित स्तंभकार होने के साथ-साथ युवाओं, महिलाओं और विशेषकर ग्रामीणों के उत्थान में कार्य करने के लिए प्रसिद्ध हैं। अनुसर्जन का यह उनका पहला प्रयोग है।)

(यह कॉलम हर उस इंसान के लिए है जो संघ को समझना चाहता है, फिर वह समर्थन में हो या विरोध में : संपादक)

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# सकारात्मक संगति और सतत कर्म : सफलता का सच्चा मार्ग

जीवन में आनंद, सफलता और प्रसिद्धि उन्हीं लोगों को प्राप्त होती है जो विपरीत परिस्थितियों को बहाना नहीं बनाते। वे प्रभु की न्यायप्रियता पर संदेह नहीं करते और कठिन समय में भी भाग्य को दोष देने के बजाय निरंतर कर्म को प्राथमिकता देते हैं। अनेक बार




**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556



प्रतिकूल घटनाओं से विचलित होकर हमारी बुद्धि प्रभु की योजनाओं पर प्रश्नचिन्ह लगा देती है, कुछ लोग तो अपना इष्ट भी बदल लेते हैं। जबकि सत्य यह है कि प्रभु अपने भक्तों को कभी गिरने नहीं देते—एक द्वार बंद होता है तो वे दूसरा, और भी उत्तम अवसरों वाला द्वार खोल देते हैं। यदि हमारा मन अतीत के बोझ या भविष्य की चिंताओं में उलझा रहेगा, तो वर्तमान के अवसर हमें कभी दिखाई नहीं देंगे। अवसर उन्हें ही दिखते हैं जिनका ध्यान आज के कार्य पर केंद्रित होता है। आज के समय में अवसरों की जो प्रचुरता है, वह अतीत में कभी नहीं थी, किंतु कमी केवल कर्मठ, निष्ठावान और दृढ़ इच्छाशक्ति वाले लोगों की है, जो अपने लक्ष्य की दिशा में निरंतर आगे बढ़ते रहें। हर सुबह सूर्य की नई किरणें जीवन को सुधारने का नया अवसर लाती हैं। मनुष्य जीवन स्वयं में एक महान वरदान है जिसके सुधार हेतु प्रभु ने हमें अद्भुत क्षमताएँ प्रदान की हैं। इसी प्रकार संगति का भी जीवन में अत्यंत महत्व है। बिना सत्संग के विवेक उत्पन्न नहीं होता—सत्संग ही जीवन में सच्चे परिवर्तन का आधार है। बुरी संगति हमारे विचार, व्यवहार और आदतों को अशुद्ध बना देती है। चाहे कितना भी भजन, ध्यान या अध्ययन किया जाए, यदि संग गलत है तो ज्ञान आचरण में नहीं उतरता। साधना के मार्ग में संगति की महत्ता अत्यंत गहरी है। व्यवहार की शुद्धि के लिए महापुरुषों, संतों और सदाचारी व्यक्तियों का संग आवश्यक है।

यदि धनी बनना है तो धनवानों का संग करो, राजनीति में जाना है तो राजनीतिक चिंतन वालों का संग करो, लेकिन भक्त बनना है तो संतों, महापुरुषों और वैष्णवों के साथ रहना अनिवार्य है। दुर्जन की एक क्षण की संगति भी घातक सिद्ध हो सकती है, जबकि संत संगति मनुष्य की वृत्ति और प्रवृत्ति को सत्पथ पर ले आती है। यही कारण है कि संगति के प्रभाव से जंगलों में लूटपाट करने वाला व्याध वाल्मीकि, रामायण जैसा महाकाव्य रचने वाले महर्षि वाल्मीकि बन गया। इसी तरह भगवान बुद्ध की संगति ने कुख्यात डाकू अंगुलिमाल के हृदय में भी करुणा और धर्म का प्रकाश भर दिया। तः जीवन में सफलता, शांति और आध्यात्मिक प्रगति का मूल मंत्र यही है—सत्संग, सद्कर्म और वर्तमान में एकाग्र होकर अवसरों का सदुपयोग।

## अपने विचार



मैं तिब्बती बौद्धों और तिब्बती लोगों को नमन करता हूं कि उन्होंने अपने गुरु, उनके आदर्शों और उनके निर्देशों के लिए कितना कुछ सहा और स्वीकार किया है। फिर भी वे अपने सिद्धांतों से कभी नहीं डिगे।

-मुरली मनोहर जोशी, वरिष्ठ भाजपा नेता



6 सभी बेटी-बहन, जो शादीशुदा हैं उनको मैं बोलूंगी कि जब आपके मायके में कोई बेटा-भाई हो, तो भूल कर भी अपने भगवान रूपी पिता को नहीं बचाएं। अपने भाई, उस घर के बेटे को ही बोले कि वो अपनी या अपने किसी हरियाणवी दोस्त की किडनी लगवा दे।

-रोहिणी आचार्य

**अपने विचार**

**डीबीडी कार्यालय**

ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिेदार)।

## ब्रीफ न्यूज़

### रईस हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने बीएनसीएमसी का शैक्षणिक दौरा किया



**भिवंडी।** रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कॉलेज के छात्रों ने 13 नवंबर को भिवंडी निज़ामपुर शहर महानगर पालिका (बीएनसीएमसी) का शैक्षणिक दौरा किया। प्रधानाचार्य ज़ियाउर रहमान अंसारी की पहल पर आयोजित इस दौरे का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली से परिचित कराना था। दौरान, छात्रों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्यान, जल आपूर्ति और निर्माण विभाग सहित कई शाखाओं का निरीक्षण किया। संबंधित अधिकारियों ने विद्यार्थियों को विभागीय कार्य, योजनाओं और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। छात्रों ने अधिकारियों से प्रश्न पूछे और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को नज़दीक से समझा। इसके बाद विद्यार्थियों ने शिक्षा प्रमुख बालकृष्ण श्रीसागर, अतिरिक्त आयुक्त विट्ठल डाके और नगर आयुक्त अनमोल सागर से विशेष मुलाकात की। अधिकारियों ने छात्रों का स्वागत करते हुए उनके प्रश्नों के उत्तर दिए और प्रशासनिक सेवा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। विद्यालय की ओर से प्रभारी शिक्षिका हिना फरहीन मोमिन, फैज फ़कीह, अल्ताफ शेख और रय्यान बोबरे ने मनपा अधिकारियों का पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया और सफल दौरे के लिए आभार व्यक्त किया।



नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सोलापुर द्वारा 14 नवम्बर को आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में राजेंद्र प्रसाद वर्मा, उप निदेशक, हिंदी शिक्षण योजना, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के कर-कमलों से वर्ष 2024-25 के दौरान राजभाषा हिंदी के सर्वश्रेष्ठ कार्यान्वयन हेतु केंद्र सरकार के कार्यालयों / उपक्रमों की श्रेणी में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, सोलापुर को द्वितीय पुरस्कार के रूप में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सोलापुर की "राजभाषा शील्ड" एवं प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

### MNS कार्यकर्ताओं की गुंडागर्दी फिर सामने: हिंदी भाषी युवक को दफ्तर बुलाकर थप्पड़

**नवी मुंबई।** महाराष्ट्र में हिंदी भाषी व्यक्ति के साथ मारपीट का एक और मामला प्रकाश में आया है। नवी मुंबई के वाशी इलाके में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (MNS) के कार्यकर्ताओं ने रमेश शुक्ला नामक युवक को कार्यालय में बुलाकर थप्पड़ मारने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार, मनसे सहकार सेना से जुड़े बालासाहेब शिंदे ने रमेश शुक्ला को अपने कार्यालय में बुलाया। वीडियो में देखा जा सकता है कि शुक्ला को कई बार थप्पड़ मारे जा रहे हैं और उनके साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि महिला सहकर्मी से भी शुक्ला को थप्पड़ लगवाए गए। मनसे कार्यकर्ताओं का कहना है कि शुक्ला ने अपनी मराठी महिला सहकर्मी के साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और पैसे को लेकर दुर्व्यवहार किया था। इसी आरोप के बाद उन्हें दफ्तर में बुलाकर 'सबक सिखाने' का दावा किया गया। मारपीट के बाद कार्यकर्ताओं ने रमेश शुक्ला से लिखित माफी मंगवाई। वीडियो के वायरल होने के बाद मनसे कार्यकर्ताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि महाराष्ट्र में महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि "महाराष्ट्र में रहना है तो महिलाओं का सम्मान करना पड़ेगा।" यह घटना 16 नवंबर को सामने आई है। फिलहाल, इस मामले में पुलिस की तरफ से किसी आधिकारिक कार्रवाई की जानकारी नहीं मिली है।

# अजित पवार की दिल्ली में अमित शाह से मुलाकात

### बिहार जीत की बधाई या पार्थ पवार विवाद पर 'सीक्रेट चर्चा'?

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और एनसीपी प्रमुख अजित पवार ने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। आधिकारिक रूप से इसे बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर बधाई देने के रूप में बताया गया, लेकिन मुलाकात के समय ने राजनीतिक हलकों में कई सवाल खड़े कर दिए हैं, क्योंकि इसी दौरान उनके बेटे पार्थ पवार जमीन खरीद मामले को लेकर विवादों में घिरे हैं।

### एनडीए की जीत पर बधाई देने पहुंचे थे पवार

बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे 14 नवंबर को आए थे, जिसमें एनडीए ने 243 में से 203 सीटें जीतकर भारी बढ़त बनाई। अजित पवार ने मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर अमित शाह के साथ तस्वीर साझा की और बिहार जीत पर बधाई दी। एनसीपी सांसद प्रफुल्ल पटेल ने बताया कि अजित पवार 15 नवंबर को 'महाराष्ट्र भूषण' पुरस्कार कार्यक्रम के लिए दिल्ली में थे और इसी दौरान उन्होंने अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की।

### क्या पार्थ पवार विवाद पर भी हुई बात? अटकलें तेज



दिल्ली में मुलाकात लंबे समय तक चली, और इसी वजह से राजनीतिक गलियारों में यह अटकलें गर्म हैं कि बातचीत सिर्फ 'बधाई' तक सीमित नहीं थी। अजित पवार के बेटे पार्थ पवार की अमेडिया कंपनी पर पुणे के मुंढवा में संदिग्ध जमीन खरीद-बिक्री के लेनदेन के आरोप लगे हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस मामले की जांच के लिए एक समिति गठित की है, जिसकी रिपोर्ट जल्द आ सकती है। यही वजह है कि यह मुलाकात अतिरिक्त राजनीतिक महत्व हासिल कर गई है।

### प्रफुल्ल पटेल ने अटकलों को बताया बेबुनियाद

एनसीपी सांसद प्रफुल्ल पटेल ने गोंदिया में मीडिया से बातचीत में इन अटकलों को पूरी तरह खारिज किया। उन्होंने कहा, 'मैंने अजित दादा से बात की है, चर्चा सिर्फ बिहार जीत की बधाई को लेकर हुई। पार्थ पवार विवाद में जांच जारी है; जो भी तथ्य आएंगे, उसी आधार पर कार्रवाई होगी।' पटेल ने जोर देकर कहा कि इस मुलाकात को गलत संदर्भ में पेश किया जा रहा है, जबकि यह एक औपचारिक राजनीतिक शिष्टाचार मात्र था।

# पार्थ पवार जमीन विवाद में कांग्रेस की बड़ी मांग
## विजय वडेट्टीवार ने CM फडणवीस को लिखा पत्र

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

कांग्रेस विधायक दल के नेता विजय वडेट्टीवार ने उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बेटे पार्थ पवार से जुड़ी एक कंपनी से संबंधित पुणे भूमि सौदे की न्यायिक जांच की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखकर 'तटस्थ, स्वतंत्र और विस्तृत' जांच कराने का आग्रह किया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय वडेट्टीवार ने शनिवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बेटे पार्थ पवार से जुड़ी एक कंपनी से संबंधित पुणे भूमि सौदे में कथित अनियमितताओं की उच्च न्यायालय के न्यायाधीश से न्यायिक जांच कराने की मांग की। कांग्रेस विधायक दल के नेता विजय वडेट्टीवार ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखकर इस मामले में एक तटस्थ, स्वतंत्र और विस्तृत जांच की मांग की है। उन्होंने सीधे तौर पर आरोप लगाया है कि सरकार इस मुद्दे पर लोगों को गुमराह कर रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार को किसी को बचाना नहीं चाहिए और उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की अध्यक्षता में न्यायिक जांच का आदेश देना चाहिए।

### क्या है मामला?

यह पूरा सौदा पुणे के मुंधवा इलाके में स्थित एक प्रमुख महार वतन जमीन की खरीद से संबंधित है। यह सौदा जांच के दायरे में इसलिए आया है क्योंकि कथित तौर पर 1,800 करोड़ रुपये की कीमत वाली इस जमीन को 300 करोड़ रुपये में खरीद लिया गया था। इस विवाद के बाद, सरकार ने एक जांच समिति गठित की है। हालांकि, अजित पवार ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि यह सौदा रद्द कर दिया गया है।

### मौजूदा जांच पर उठाए सवाल



वडेट्टीवार ने मौजूदा जांच समिति की वैधता पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने दावा किया कि वर्तमान में गठित जांच समिति एक दिखावा है, जिसे तुरंत रद्द किया जाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अनियमितता जिलाधिकारी कार्यालय से लेकर नीचे तक के अधिकारियों की संलिप्तता से हुई है। उन्होंने पूछा कि ऐसे में जिलाधिकारी जांच समिति में कैसे हो सकते हैं? उन्होंने यह भी दावा किया कि जिन दो तहसीलदारों के खिलाफ कार्रवाई की गई है, वह विवादित ज़मीन खरीद से नहीं, बल्कि किसी दूसरे मामले से जुड़ी है। वडेट्टीवार ने मांग की कि वतन ज़मीन की खरीद में शामिल सभी अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ज़िला कलेक्टर और उपसंभागीय अधिकारी (एसडीओ) जैसे वरिष्ठ अधिकारी इस मामले से अपना पल्ला नहीं झाड़ सकते और जवाबदेही से बच नहीं सकते।

## हत्या के तीन दोषियों को उम्रकैद की सजा

**डीबीडी संवाददाता | भाईंदर**

साल 2021 में हुए हत्या प्रकरण में तीन आरोपियों को ठाणे सत्र न्यायालय ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। यह कार्रवाई एमबीवीवी नवघर पुलिस थाने में तैनाती के दौरान पुलिस निरीक्षक प्रकाश मसाल की सटीक और प्रभावी जांच तथा तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक धीरज कोली के मार्गदर्शन का परिणाम रही। शिकायत के अनुसार, 6 मार्च 2021 को भाईंदर (पूर्व) के इंदिरा नगर झुग्गी बस्ती में मृतक सूरज सोनी और उसके दोस्त आशुतोष सिंह को आरोपियों विमलेश यादव उर्फ गव्वा, अमरजीत गुप्ता उर्फ चाभी, चिराग ठाकुर उर्फ काल्या ने मोबाइल चोर समझकर बेरहमी से पीटा था। इसके बाद आरोपियों ने दोनों को जबरन रिक्शे में बैठाकर एस.एन. कॉलेज के सामने मनपा मैदान ले जाकर लकड़ी की तख्ती और बेल्ट से दोबारा हमला किया। इसी मारपीट में सूरज सोनी की मौत हो गई थी।

### सटीक जांच से कोर्ट में मजबूत मामला पेश



वारदात के तुरंत बाद पुलिस निरीक्षक प्रकाश मसाल ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया था। मामले की सुनवाई के दौरान उन्होंने अदालत में पुख्ता सबूत, घटनास्थल का विवरण, मेडिकल रिपोर्ट और गवाहों के बयान प्रस्तुत किए, जिससे अभियोजन का पक्ष मजबूत हुआ। सभी सबूतों और गवाहों के आधार पर ठाणे जिला सत्र न्यायालय ने तीनों आरोपियों को हत्या (IPC 302), घायल करने (IPC 325/326) के आरोपों में दोषी ठहराया और उम्रकैद की सजा सुनाई।

## अखिल भारतीय विज्ञान मेले में महात्मा गांधी विद्यालय का दमदार प्रदर्शन

### राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छात्रों ने पहली और तीसरी रैंक हासिल की

**डीबीडी संवाददाता | अंबरनाथ**

द एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित महात्मा गांधी विद्यालय व कनिष्ठ महाविद्यालय, अंबरनाथ ने विद्याभारती, मेरठ (उत्तर प्रदेश) में आयोजित अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के 23वें राष्ट्रीय विज्ञान मेले में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए शहर का नाम रोशन किया। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित यह विज्ञान मेला देशभर के विद्यार्थियों को शोध और नवाचार की दिशा में प्रोत्साहित करता है।

### विभिन्न प्रतियोगिताओं में सक्रिय सहभागिता



इस विज्ञान मेले में विज्ञान पत्र, प्रश्नोत्तरी (क्विज) और वैज्ञानिक प्रयोग जैसी कई श्रेणियों में प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। महात्मा गांधी विद्यालय की नौ छात्रों और चार शिक्षकों की टीम ने इन सभी स्पर्धाओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कक्षा 12वीं (विज्ञान) के छात्र कुमार हर्षल प्रकाश मदने ने प्रकाश के अपवर्तन विषय पर उत्कृष्ट वैज्ञानिक प्रयोग प्रस्तुत करते हुए अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में तीसरा पुरस्कार

कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय के छात्र कुमार दर्शन दरेकर, सचिन पाटील, विराज ढोणूक्षे ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान हासिल किया। विज्ञान पत्र प्रस्तुति श्रेणी में उत्कर्ष वाघमारे और तेजस्विनी पांढरे ने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं अथर्व इरकर, शितल कोरे, और भक्ती दरेकर ने प्रश्नोत्तरी में उत्कृष्टता प्रदर्शित की। इन सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। छात्रों को यह सफलता विद्यालय के मार्गदर्शक शिक्षकों— तुषार सोनजे, गोपीनाथ शेटे, पूर्णिमा फडणीस और स्वाती शेटे के सतत प्रयास से मिली।

### विद्यालय को मिला स्मृति चिह्न

छात्रों और शिक्षकों की उपलब्धि पर प्रधानाध्यापक संतोष भणगे सहित विद्यालय के सभी पदाधिकारियों ने विजेताओं को बधाई दी। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यालय को भी आयोजकों की ओर से ट्रॉफी प्रदान की गई।

# अंबरनाथ में शिवसेना (शिंदे गुट) का सम्मेलन
## नगराध्यक्ष पद के लिए मनीषा वाळेकर के नाम की घोषणा

**डीबीडी संवाददाता | अंबरनाथ**

आगामी नगरपरिषद चुनाव को लेकर शिवसेना (शिंदे गुट) का कार्यकर्ता सम्मेलन अंबरनाथ में उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। सम्मेलन में नगराध्यक्ष पद के लिए मनीषा वाळेकर के नाम की आधिकारिक घोषणा की गई। जानकारी के अनुसार, वाळेकर सोमवार को शक्ति प्रदर्शन करते हुए अपना नामांकन पत्र भरेंगी।

### भाजपा और कांग्रेस के कई कार्यकर्ता शिवसेना में शामिल




अंबरनाथ पूर्व स्थित पणवेलकर हॉल में हुए इस सम्मेलन में कांग्रेस शहराध्यक्ष कृष्णा रसाळ पाटील, पूर्व निर्माण सभापति करुणा रसाळ पाटील सहित भाजपा और कांग्रेस के अनेक कार्यकर्ताओं ने शिवसेना (शिंदे गुट) का दामन थामा। इस बड़े पैमाने पर हुए पार्टी प्रवेश ने स्थानीय राजनीति में नए समीकरणों को जन्म दे दिया है। सम्मेलन में कल्याण जिलाप्रमुख गोपाल लांडगे ने अपने भाषण में बिना नाम लिए विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, 'जिन्हें शहर में काम बताने का अवसर नहीं मिला, वही अब अफवाहें फैला रहे हैं। शहर के 99% काम पूरे हो चुके हैं, शेष 1% को लेकर नागरिकों को गुमराह किया जा रहा है।' उन्होंने शिवसैनिकों से अपील की कि वे अफवाहों पर विश्वास न कर दृढ़ता से जवाब दें।

### 'एकला चलो रे' की नीति पर लड़ेगी शिवसेना

गठबंधन पर बोलते हुए लांडगे ने बताया कि भाजपा और NCP से तालमेल की कोशिश की गई थी, लेकिन भाजपा ने पहले ही अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया। वहीं NCP की अपेक्षाएँ अधिक थीं, जिसके चलते शिवसेना ने अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया है। सम्मेलन में उपनेता विजया काटे, चुनाव विभाग प्रमुख अनिल भोर, अरुण रेडकर, छाया वाघमारे, अंबरनाथ शहरप्रमुख अरविंद वाळेकर, नगराध्यक्ष पद की संभावित उम्मीदवार मनीषा वाळेकर, पूर्व नगराध्यक्ष सुनील चौधरी, सुभाष साळुंखे, सुवर्णा साळुंखे, कुणाल भोईर, अरविंद मालुसरे, शैलेश भोईर, वारिंगे महाराज सहित बड़ी संख्या में शिवसैनिक उपस्थित रहे।

# परिवारिक विवाद में त्रासदी: दो बच्चों संग कुएं में कूदी महिला

### पति और ससुरालवालों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

धुले जिले के निकुंबे गांव में पारिवारिक कलह ने एक दर्दनाक मोड़ ले लिया, जहां 25 वर्षीय महिला ने अपने दो मासूम बच्चों के साथ कुएं में कूदकर जान दे दी। घटना शुक्रवार देर रात की है, जिससे पूरे गांव में शोक और स्तब्धता का माहौल है।

### पति और सास-ससुर के खिलाफ केस दर्ज



घटना के बाद विवाहिता के मायके पक्ष ने सोनगिर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि गायत्री को पति और ससुरालवालों की प्रताड़ना के कारण आत्महत्या जैसे कदम उठाने पड़े। शिकायत के आधार पर पुलिस ने पति आनंद चतुर पाटिल, ससुर चतुर शंकर पाटिल, सास वेणुबाई चतुर पाटिल के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने (अभद्र वर्तन और प्रताड़ना) का मामला दर्ज कर लिया है। सोनगिर पुलिस स्टेशन के सब-इंस्पेक्टर रवींद्र बागुल इस मामले की जांच कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में यह मामला स्पष्ट रूप से पारिवारिक क्लेश और मानसिक प्रताड़ना से जुड़ा दिखाई दे रहा है।

### कुएं से निकाले गए तीनों शव

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से महिला और दोनों बच्चों के शव कुएं से बाहर निकाले। इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, महिला ने घरेलू विवाद और प्रताड़ना के कारण यह कदम उठाया।

### मृतकों की पहचान

मृतक महिला की पहचान गायत्री आनंद पाटिल (25) के रूप में हुई है। उसके साथ जान गंवाने वाले बच्चों में-दुर्गेश्वर आनंद पाटिल (5 वर्ष), दुर्गेश्वरी आनंद पाटिल (3 वर्ष) शामिल हैं।




## 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा। आय में वृद्धि तथा आरोग्य रहेगा। चिंता में कमी होगी। जल्दबाजी न करें।

**वृष** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। हितैषी सहयोग करेंगे।

**मिथुन** किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। विवाद से बचें।

**कर्क** नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा।

**सिंह** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता

**कन्या** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। आय में निश्चितता रहेगी।

**तुला** यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे।

**वृश्चिक** घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**धनु** भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी।

**मकर** दु:खद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

**कुंभ** पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं।

**मीन** स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी। घर-बाहर कुछ तनाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

## माया, व्यक्तित्व और जगत में हमारी प्रतिछाया का दिव्य रहस्य

वैदिक ज्योतिष में जब हम लग्न की बात करते हैं तो वह हमारे जन्म के प्रथम क्षण में उदित होने वाले राशिचक्र के उस बिंदु को दर्शाता है, जो हमारे मूल व्यक्तित्व, हमारे अंदर बसे असली स्वभाव, हमारी प्रवृत्ति, स्वास्थ्य, मन की बनावट और हमारी वास्तविक पहचान को सामने लाता है। लेकिन मानव जीवन केवल अपने निजी व्यक्तित्व तक सीमित नहीं है। समाज हमें कैसे देखता है? लोग हमें किस रूप में पहचानते हैं? हमारी प्रतिष्ठा कैसी बनती है? हमारे लिए दुनिया में कैसी छवि निर्मित होती है? यह वह क्षेत्र है जहां व्यक्ति की वास्तविकता से अधिक महत्वपूर्ण उसकी प्रतिछाया अर्थात् 'माया' बन जाती है। इसी माया, इसी सामाजिक छवि, इसी बाहरी दुनिया पर पड़ने वाले प्रभाव और इसी नाम-यश की पहचान को वैदिक ज्योतिष में आरूढ़ लग्न कहा जाता है। इसे 'पद लग्न' भी कहते हैं—क्योंकि यह उस स्थान का संकेत है जहां व्यक्ति खड़ा दिखाई देता है, भले ही उसकी अंतर्मन की वास्तविक स्थिति कुछ और हो।



प्रियंका जैन
9769994439

आरूढ़ लग्न वह दिव्य दर्पण है जिसमें दुनिया हमें देखती है, जबकि सामान्य लग्न वह आईना है जिसमें हमारी आत्मा स्वयं को देखती है। कई बार यह दोनों एक दूसरे से बिल्कुल अलग होते हैं। एक व्यक्ति भीतर से अत्यंत शांत, सरल, शर्मीला और आध्यात्मिक हो सकता है, लेकिन समाज उसे कठोर, महत्वाकांक्षी या अत्यधिक प्रभावशाली व्यक्ति के रूप में पहचान सकता है। इसी अंतर को 'माया' कहा गया है और इसी माया की गणित को समझने के लिए आरूढ़ लग्न की खोज की गई।

आरूढ़ लग्न की गणना का सिद्धांत बड़ा सहज है, परंतु इसके पीछे छिपा अर्थ अत्यंत गूढ़ है। जन्म लग्न के स्वामी जिस भाव में बैठते हैं, उस भाव की दूरी लग्न से गिनी जाती है। फिर उतनी ही दूरी उस भाव से आगे गिनने पर जो स्थान प्राप्त होता है, वही आरूढ़ लग्न बन जाता है। लेकिन महर्षि जैमिनी ने दो महत्वपूर्ण अपवाद बताए हैं—आरूढ़ लग्न न तो प्रथम भाव में माना जाता है और न ही सातवें में। यदि गणना से ऐसा परिणाम आए तो उसे क्रमशः चौथे और दसवें भाव पर स्थानांतरित कर दिया जाता है। कारण यही है कि आरूढ़ वह स्थान है जहां दुनिया व्यक्ति को देखती है, न कि वह स्थान जहां व्यक्ति स्वयं को देखता है या जहां उसे सबसे अधिक चुनौती मिलती है।

जब आरूढ़ लग्न बन जाता है, तब उसके आसपास बैठने वाले ग्रह, उसे देखने वाले ग्रह, उसके चौथे, पांचवें, सातवें, नौवें, दसवें भाव की स्थिति, बारहवें भाव के व्यय—all यह तय करते हैं कि व्यक्ति को दुनिया किस रूप में मानेगी। यदि आरूढ़ लग्न को शुभ ग्रहों का बल मिलता है, तो व्यक्ति को समाज में प्रतिष्ठा, विजय, यश, कीर्ति और स्थायी सम्मान मिलता है। यदि इस पर पाप ग्रहों का भार अधिक हो, तो व्यक्ति की छवि विवादों से घिरी हुई, गलतफहमियों और संघर्षों से भरी, तथा कभी-कभी असामान्य प्रसिद्धि वाली हो सकती है।

ग्रहों का प्रभाव आरूढ़ लग्न पर अत्यंत रोचक है। सूर्य किसी का आरूढ़ लग्न में बैठा हो या उसे देख रहा हो, तो व्यक्ति समाज में उच्च पद, अधिपत्य, आदेश देने की क्षमता और तेजस्वी व्यक्तित्व से पहचाना जाता है। चंद्रमा से व्यक्ति का चेहरा, व्यक्तित्व, स्वभाव और उसकी लोकप्रियता एक सौम्य आभा बनाती है, जिससे लोग अनायास उसकी ओर आकर्षित होते हैं। बुध आरूढ़ में आते ही बुद्धिमत्ता, व्यापारिक चातुर्य, बातचीत की कला, और ऐसी सामाजिक छवि का निर्माण करता है जिसमें व्यक्ति को तेज दिमाग वाला, विनोदी, कुशल और समन्वयकारी समझा जाता है।

न्यूज़ ब्रीफ

## बसपा उम्मीदवार को हराने की कोशिश नाकाम : मायावती

**लखनऊ।** बिहार विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) भले ही केवल एक सीट जीत पाई हो, लेकिन पार्टी प्रमुख मायावती ने आरोप लगाया है कि कैमूर जिले की रामगढ़ विधानसभा सीट पर बसपा के उम्मीदवार को हराने की साज़िश रची गई थी, जिसे कार्यकर्ताओं ने विफल कर दिया। रविवार को सोशल मीडिया के जरिए अपनी प्रतिक्रिया देते हुए मायावती ने कहा कि विरोधी दलों के साथ-साथ प्रशासन ने भी मिलकर बसपा प्रत्याशी को पराजित करने की कोशिश की। उनके अनुसार, वोटों की कई बार पुनर्गणना कराकर बसपा उम्मीदवार को पीछे करने का प्रयास किया गया, लेकिन कार्यकर्ताओं की सतर्कता और दृढ़ता ने विरोधियों की योजना पर पानी फेर दिया।

## 'गाय की हत्या किसी हाल में स्वीकार्य नहीं'

**संभल।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दादरी के चर्चित अखलाक हत्याकांड से जुड़े आरोपियों के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने हेतु कोर्ट में याचिका दायर करने पर 'संभल फाइल्स' के निर्माता अमित जानी ने इसे उचित कदम बताया है। उन्होंने कहा कि चाहे आरोपी कोई भी हो, गौ-हत्या समाज में किसी भी रूप में स्वीकार नहीं की जा सकती। अमित जानी ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी की पूर्व सरकार ने कई युवाओं को बेवजह इस मामले में फंसाया था। उन्होंने विशेष रूप से रवि कुमार सिसोदिया का जिक्र किया, जिनकी जेल में कथित मारपीट के बाद मौत हो गई थी। जानी के अनुसार इस घटना का असर उस समय कई अन्य युवाओं पर भी पड़ा। उन्होंने मथुरा फारेंसिक लैब की उस रिपोर्ट का भी हवाला दिया, जिसमें अखलाक के घर से मिले टिफिन में गोमांस पाए जाने की पुष्टि हुई थी। जानी ने कहा कि यह रिपोर्ट भी सपा शासनकाल में ही तैयार हुई थी। मुकदमे वापस लेने के फैसले पर अपनी राय देते हुए अमित जानी ने कहा कि वे शुरू से इस घटना को हत्या नहीं, बल्कि वध के रूप में देखते थे, क्योंकि भारत में गाय को 'मां' का दर्जा दिया जाता है और उसके वध को समाज स्वीकार नहीं कर सकता।

## हमीरपुर में स्वामी प्रसाद मौर्या को दिखाया काला झंडा

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के मौदहा कस्बे में रविवार को राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्या को विरोध प्रदर्शन का सामना करना पड़ा। एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे मौर्या को कस्बे के बड़े चौराहे पर कुछ युवाओं ने काले झंडे दिखाकर विरोध जताया और नारेबाजी की।

स्वामी प्रसाद मौर्या के पहुंचते ही करीब दो दर्जन युवाओं—जिनमें आशीष सिंह, बसंत सोनी, प्रमोद सोनी और अनूप सिंह सहित अन्य शामिल थे—ने काले झंडे लहराते हुए "स्वामी प्रसाद मौर्या मुर्दाबाद" के नारे लगाए। पुलिस मौके पर मौजूद रही और कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह तथा इंस्पेक्टर क्राइम चंद्रशेखर गौतम के नेतृत्व में लगातार प्रदर्शनकारियों को हटाने की कोशिश की जाती रही। गौरतलब है कि स्वामी प्रसाद मौर्या अपने बयानों को लेकर अकसर विवादों में रहते हैं। हाल ही में उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव परिणामों पर टिप्पणी करते हुए इसे "लोकतंत्र और संविधान की हत्या" बताया था, जिसके बाद भी वे चर्चाओं में रहे।

■ तीन दिन पुरानी महिला हत्या का राज़ खुला, कार और असलहा बरामद

# पुलिस लाइन में तैनात दरोगा गिरफ्तार

एजेंसी | हमीरपुर

हमीरपुर जिले में तीन दिन पहले मिले महिला हत्या प्रकरण का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। मौदहा कोतवाली क्षेत्र के रमना गांव के पास सड़क किनारे नग्न अवस्था में मिले शव की पहचान और जांच के बाद पुलिस ने महोबा पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक (दरोगा) अंकित यादव को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई डिज़ायर कार और लोहे की रॉड भी बरामद कर ली है।गौरतलब है कि किरन की शादी फरवरी 2023 में एक सीआरपीएफ जवान से हुई थी, लेकिन ससुराल पक्ष के उत्पीड़न से तंग आकर वह मायके लौट आई थी और उसके बाद दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज किया था। इसी मामले की जांच दरोगा अंकित यादव कर रहा था। पुलिस द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी और सबूत मिलने के बाद अब मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।



### 13 नवंबर को सड़क किनारे मिला था शव

13 नवंबर को सड़क किनारे मिले इस अज्ञात शव ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी थी। बाद में मृतका के भाई ने उसकी पहचान किरन के रूप में की और हत्या का संदेह एक दरोगा पर जताया। इसके बाद पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिनमें एक संदिग्ध डिज़ायर कार दिखी। वाहन की पहचान होते ही पुलिस कार मालिक तक पहुंची, जिसके बयान ने पूरी जांच की दिशा बदल दी और आखिरकार आरोपी दरोगा अंकित यादव को हिरासत में ले लिया गया।

### किरन के मामले का विवेचक था आरोपी दरोगा

एसपी डॉ. दीक्षा शर्मा ने बताया कि आरोपी दरोगा पहले कबरई थाने में तैनात था और दहेज उत्पीड़न से जुड़े मामले में मृतका किरन का विवेचक भी रहा था। पूछताछ में अंकित यादव ने स्वीकार किया कि वह किरन के संपर्क में था और उससे परेशानी महसूस करता था। उसने कबूल किया कि 12 नवंबर को वह उसे घुमाने के बहाने कार में लेकर गया, जहां दोनों के बीच विवाद होने पर उसने लोहे की रॉड से हमला कर उसकी हत्या कर दी और शव फेंक दिया।

## आजमगढ़ मेडिकल कॉलेज में नवप्रवेशियों से रैगिंग

▶▶ अभिभावकों ने सीएम और डिप्टी सीएम से की हस्तक्षेप की मांग



**लखनऊ/आजमगढ़।** आजमगढ़ स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं सुपर फैसिलिटी अस्पताल, चक्रपानपुर में नवप्रवेशित छात्रों के साथ रैगिंग और प्रताड़ना के गंभीर आरोप सामने आए हैं। लगातार उत्पीड़न से परेशान अभिभावकों ने कॉलेज प्रबंधन से शिकायत करने के बाद अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा को पत्र भेजकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। शिकायत में अभिभावकों ने बताया कि कॉलेज में एंटी-रैगिंग कमेटी सक्रिय होने के बावजूद बॉयज़ और गर्ल्स हॉस्टल में रैगिंग की घटनाएं जारी हैं। आरोप है कि वरिष्ठ छात्र मानसिक और शारीरिक स्तर पर जूनियर स्टूडेंट्स को प्रताड़ित कर रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि वार्डेन और कॉलेज प्रशासन को स्थिति की जानकारी होने के बावजूद कोई कठोर कदम नहीं उठाया गया। उल्टे प्रबंधन छात्रों पर दबाव बनाकर यह लिखवाने का प्रयास करता है कि जिन घटनाओं का जिक्र किया जा रहा है।

### रात में की जाती है रैगिंग

अभिभावकों का आरोप यह भी है कि अधिकांश घटनाएं रात में होती हैं। हॉस्टलों में अलग-अलग वर्षों के छात्रों के लिए बनाए गए ब्लॉक और पार्टिशन तो हैं, लेकिन उनके बीच के कॉमन दरवाज़े रात में खुले छोड़ दिए जाते हैं, जिससे वरिष्ठ छात्र आसानी से जूनियर कमरों तक पहुंच जाते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जहां ग्राउंड फ्लोर पर सीसीटीवी लगे हैं, वहीं प्रथम तल पर कैमरे नहीं हैं, जबकि ज्यादातर घटनाएं वहीं घटित होती हैं। शिकायतकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो यह मामला राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग, यूजीसी, मानवाधिकार आयोग तथा केंद्र सरकार के उच्चाधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा।


लालू परिवार में बढ़ा तनाव : रोहिणी आचार्य ने सोशल मीडिया पर जाहिर की पीड़ा

## पिता को किडनी दान पर भी झेलना पड़ा अपमान

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव के परिवार में अंदरूनी मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने सोशल मीडिया पर अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए परिवार के कुछ सदस्यों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

रोहिणी ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर लिखा कि पिता को किडनी दान देने के बाद से घर में उन्हें बेबुनियाद आरोपों और अपमानजनक टिप्पणियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाई और उनके जान-पहचान के लोगों द्वारा उन्हें गालियां तक दी गईं और किडनी दान को लेकर उनकी नीयत पर सवाल उठाए गए।

### रोहिणी ने शादीशुदा बहनों से की अपील



अपनी भावनाओं को साझा करते हुए रोहिणी ने लिखा कि उन्हें ₹गंदी₹ कहकर आरोप लगाया गया कि किडनी दान के बदले उन्होंने पैसे और टिकट की मांग की। उन्होंने शादीशुदा बेटियों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने मायके में किसी भी विवाद से दूर रहें और परिवार के दबाव में आकर ऐसे फैसले न लें, जिनका बाद में उन्हें पछतावा हो।

### लालू परिवार में सबकुछ ठीक नहीं

उन्होंने यह भी बताया कि पिता को किडनी देने के दौरान उन्होंने अपने पति, बच्चों और ससुराल की परवाह किए बिना निर्णय लिया, लेकिन आज उसी त्याग को गलत ठहराया जा रहा है। रोहिणी की यह पोस्ट संकेत देती है कि लालू परिवार में काफी समय से सब कुछ ठीक नहीं चल रहा।

## नया पोस्टर: बिहार है खुशहाल, लौट आए नीतीश कुमार

● चुनाव परिणाम के बाद जारी नया पोस्टर चर्चा में

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव–2025 में राजग को मिली भारी जीत के बाद सरकार गठन की प्रक्रियाएं तेज़ हो चुकी हैं। इसी बीच जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने शनिवार को अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक नया पोस्टर जारी करते हुए राजनीतिक माहौल को और गर्म कर दिया है। पोस्टर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की बड़ी तस्वीर के साथ संदेश लिखा है— "बिहार है खुशहाल, फिर से आ गए नीतीश कुमार"। इसके साथ कैप्शन दिया गया— "खुशहाल है बिहार सुरक्षित है बिहार।"



### शीर्ष नेताओं की जल्द होगी बैठक

उधर, राजग की ओर से मुख्यमंत्री पद को लेकर अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। भाजपा, जदयू, लोजपा-आर, हम और आरएलएम सहित गठबंधन के शीर्ष नेताओं की बैठक जल्द होने वाली है, जिसमें अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

### जदयू ने दिया सीएम का संकेत

राजनीतिक विशेषज्ञों का कहना है कि इस कदम के जरिए जदयू ने यह संकेत देने की कोशिश की है कि पार्टी अभी भी नीतीश कुमार को ही नेतृत्व के लिए पहली पसंद मानती है। इसके बाद यह चर्चा और तेज हो गई है कि क्या जदयू नीतीश कुमार को अगला मुख्यमंत्री बनाने के लिए दबाव बना रही है?

## मस्जिद कमेटी के दो सदस्यों पर एफआईआर




**संभल।** शाही जामा मस्जिद, संभल में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम को मुख्य गुंबद का निरीक्षण करने से रोकने के मामले में इंतजामिया कमेटी के दो सदस्यों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। दोनों पर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने और अधिकारियों से अभद्र व्यवहार करने के आरोप हैं। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।

## विपक्ष दिशाहीन, इसलिए कमजोर : जयंत चौधरी



**मथुरा।** राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के राष्ट्रीय अधिवेशन में केंद्रीय मंत्री जयंत सिंह चौधरी को एक बार फिर तीन वर्ष के लिए पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया। कोसीकलां में आयोजित इस अधिवेशन में जयंत चौधरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मथुरा की जनता ने उन्हें पहली बार संसद तक भेजा था और यह स्नेह वह कभी नहीं भूल सकते।




# टॉप 10 कंपनियों में से आठ के मार्केट कैप में उछाल

▶▶ दो लाख करोड़ से ज्यादा की बढ़त, एयरटेल सबसे आगे

**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक रुझान के चलते बीएसई की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से 8 की बाजार पूंजी 2 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा बढ़ गई। सबसे अधिक लाभ भारती एयरटेल और रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। वहीं दो दिग्गज कंपनियों—बजाज फाइनेंस और एलआईसी—को भारी गिरावट का सामना करना पड़ा। सप्ताह के दौरान एयरटेल, रिलायंस, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, इंफोसिस, एचडीएफसी बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर के मार्केट कैप में कुल 2,05,185 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई। दूसरी ओर बजाज फाइनेंस और एलआईसी के कुल मार्केट कैप में 39,414 करोड़ रुपये की कमी आई।




### सबसे बड़ी बढ़त एयरटेल और रिलायंस को

10 से 14 नवंबर के बीच एयरटेल का मार्केट कैप 55,652 करोड़ रुपये उछलकर 11,96,701 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने भी 54,942 करोड़ रुपये की मजबूती के साथ 20,55,380 करोड़ रुपये का मार्केट कैप हासिल किया।

### TCS का मार्केट कैप 40757 करोड़ बढ़ा

टीसीएस का मार्केट कैप 40,757 करोड़ रुपये बढ़कर 11,23,416 करोड़ रुपये हो गया। आईसीआईसीआई बैंक में 20,834 करोड़ रुपये, एसबीआई में 10,523 करोड़ रुपये और इंफोसिस में 10,448 करोड़ रुपये की बढ़त दर्ज की गई।

### दो कंपनियों को हुआ बड़ा नुकसान

एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्य 9,149 करोड़ रुपये बढ़कर 15,20,524 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्य 2,878 करोड़ रुपये बढ़कर 5,70,187 करोड़ रुपये हो गया। दूसरी तरफ बजाज फाइनेंस का मार्केट कैप 30,148 करोड़ रुपये गिरकर 6,33,573 करोड़ रुपये रह गया। एलआईसी के मार्केट कैप में 9,266 करोड़ रुपये की कमी दर्ज की गई और यह घटकर 5,75,100 करोड़ रुपये पर आ गया।

## ऊर्जा सुरक्षा पर भारत का जोर, कोयला आयात बढ़ा



**नई दिल्ली।** भारत ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। सितंबर महीने में देश का कोयला आयात 13.54% बढ़कर 22.05 मिलियन टन (एमटी) पर पहुंच गया। इसमें 13.90 एमटी गैर-कोकिंग कोयला और 4.50 एमटी इस्पात उद्योग में इस्तेमाल होने वाला कोकिंग कोयला शामिल है।

नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, इस साल सितंबर में गैर-कोकिंग कोयले का आयात पिछले साल के 13.24 एमटी से थोड़ा बढ़कर 13.90 एमटी दर्ज किया गया। वहीं कोकिंग कोयले का आयात 3.39 एमटी से बढ़कर 4.50 एमटी हो गया, जो स्टील सेक्टर की मजबूत मांग को दर्शाता है। अप्रैल–सितंबर 2025 की अवधि में गैर-कोकिंग कोयले का कुल आयात घटकर 86.06 एमटी रहा, जबकि कोकिंग कोयले का आयात बढ़कर 31.54 एमटी पहुंच गया।

# सोना–चांदी के दामों में बड़ी गिरावट

**नई दिल्ली।** सप्ताह की आखिरी कारोबारी दिन घरेलू सर्राफा बाजार में सोना और चांदी दोनों की कीमतों में तेज गिरावट देखी गई। सोना आज 1,790 से 1,950 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हुआ, जबकि चांदी में 4,200 रुपये प्रति किलोग्राम की कमजोरी दर्ज की गई। कीमतों में गिरावट के बाद देशभर के अधिकतर बाजारों में 24 कैरेट सोने का भाव 1,25,080 से 1,25,230 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच पहुंच गया। वहीं 22 कैरेट सोना 1,14,650 से 1,14,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के दाम पर बिक रहा है। चांदी आज दिल्ली में 1,69,000 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर उपलब्ध रही।

### साप्ताहिक दर में बरकरार रही तेजी




आज की गिरावट के बावजूद पूरे सप्ताह के दौरान सोने में मजबूत तेजी बनी रही। सोमवार से शनिवार तक 24 कैरेट सोना 3,060 रुपये प्रति 10 ग्राम, जबकि 22 कैरेट सोना 2,800 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो चुका है। चांदी ने भी जोरदार छलांग लगाई और सप्ताह भर में 16,500 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़त दिखाई।

### देशभर में ऐसा रहा सोने का हाल

दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,25,230 रुपये और 22 कैरेट 1,14,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा। मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,25,080 रुपये और 22 कैरेट 1,14,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर दर्ज किया गया। अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना 1,25,130 रुपये और 22 कैरेट 1,14,700 रुपये प्रति 10 ग्राम मिला। इसी तरह चेन्नई, कोलकाता, भोपाल, लखनऊ, पटना और जयपुर में भी भाव लगभग इसी दायरे में रहे। दक्षिणी राज्यों कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के बाजारों में भी आज सोने के दामों में तीखी गिरावट आई। बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,25,080 रुपये और 22 कैरेट सोना 1,14,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर कारोबार करता दिखा।

## बायजूस में विवाद : निलंबित निदेशक ने NCLT में दी याचिका




**नई दिल्ली।** एडटेक कंपनी बायजूस की मूल कंपनी थिंक ऐंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड (TLPL) एक बड़े कानूनी विवाद में फंस गई है। निलंबित निदेशक बायजू रवींद्रन ने राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (NCLT) में याचिका दायर कर आरोप लगाया है कि कंपनी के प्रमुख कर्जदाता GLAS ट्रस्ट कंपनी विदेशी निवेश (FDI) के नाम पर अवैध विदेशी कर्ज (ECB) उपलब्ध कराने की कोशिश कर रही है। रवींद्रन का कहना है कि आकाश इंस्टीट्यूट (AESL) के राइट इश्यू में TLPL की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रस्तावित 100 करोड़ के CCD सौदे में FEMA और IBC नियमों का खुला उल्लंघन किया गया है।

## अगले हफ्ते दो नये आईपीओ होंगे लॉन्च

▶▶ सात कंपनियों के शेयर होंगे बाजार में शामिल

**नई दिल्ली।** आने वाला कारोबारी सप्ताह प्राइमरी मार्केट के लिए अपेक्षाकृत शांत रहने वाला है। इस दौरान केवल दो कंपनियां अपने आईपीओ लेकर बाजार में उतरेंगी—एक मेनबोर्ड और एक एसएमई सेगमेंट में। वहीं, पिछले सप्ताह जारी हुए दो आईपीओ में निवेशकों के पास अभी कुछ और दिन आवेदन करने का मौका रहेगा। इसी सप्ताह सात नई कंपनियों के शेयर स्टॉक मार्केट में लिस्ट होकर ट्रेडिंग शुरू कर सकते हैं। 19 नवंबर से गैलार्ड स्टील का 37.50 करोड़ रुपये का आईपीओ खुलेगा, जिसमें आवेदन 21 नवंबर तक किए जा सकते हैं। कंपनी ने प्रति शेयर 142–150 रुपये का प्राइस बैंड तय किया है और 1,000 शेयर का लॉट साइज रखा है।




### एक्सेल सॉफ्ट टेक्नोलॉजीज

इसी दिन एक्सेल सॉफ्ट टेक्नोलॉजीज का 500 करोड़ रुपये का बड़ा आईपीओ भी खुलेगा। इसमें 114–120 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड और 125 शेयर का लॉट साइज तय किया गया है।

## IPL 2026

# मिनी ऑक्शन से पहले चौंकाने वाले फैसले

### तीन बड़े खिलाड़ियों को टीमों ने किया रिलीज

एजेंसी । नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के मिनी ऑक्शन का आयोजन 16 दिसंबर को अबू धाबी में किया जाएगा। इससे ठीक पहले 10 फ्रेंचाइजियों ने अपने रिटेन और रिलीज खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी है। इस बार कुछ ऐसे नाम भी रिलीज़ हुए हैं, जिनके बाहर होने की उम्मीद लगभग न के बराबर थी। आइए नज़र डालते हैं उन तीन खिलाड़ियों पर, जिनका टीमों से अलग होना सबसे ज्यादा हैरान करने वाला रहा।

आईपीएल 2026 के मिनी ऑक्शन से पहले इन फैसलों ने चर्चा और उत्सुकता दोनों को बढ़ा दिया है। अब देखना दिलचस्प होगा कि ये खिलाड़ी ऑक्शन में किस टीम का हिस्सा बनते हैं।



### मथीशा पथिराना- चेन्नई का अप्रत्याशित फैसला

चेन्नई सुपर किंग्स ने युवा श्रीलंकाई तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना को रिलीज कर सबको चौंका दिया। पथिराना पिछले सीजन टीम के लिए प्रभावी रहे थे और माना जा रहा था कि वे सीएसके की भविष्य की योजनाओं का अहम हिस्सा होंगे। उन्हें पिछले साल फ्रेंचाइजी ने 13 करोड़ रुपये में रिटेन भी किया था। अंदाजा लगाया जा रहा है कि टीम संभवतः उन्हें मिनी ऑक्शन में कम बोली पर वापस खरीदने का प्रयास कर सकती है।

### आकाशदीप –एक सीजन बाद ही बाहर का रास्ता

आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में लखनऊ सुपर जायंट्स ने तेज गेंदबाज आकाशदीप पर 8 करोड़ रुपये खर्च किए थे। लेकिन निराशाजनक प्रदर्शन के बाद फ्रेंचाइजी ने उन्हें रिलीज कर दिया। आकाशदीप ने 6 मैचों में सिर्फ 3 विकेट हासिल किए और 12.05 की महंगी इकॉनमी से रन लुटाए। हालांकि उनका सीजन कमजोर रहा, मगर कई जानकार मानते हैं कि उन्हें एक और मौका मिलना चाहिए था। कोलकाता नाइट राइडर्स का सबसे बड़ा सरप्राइज आंद्रे रसेल को रिलीज करना रहा। 2014 से टीम का हिस्सा रहे रसेल ने कई बार अकेले दम पर मैच जिताए हैं। पिछले सीजन उनका प्रदर्शन भले फीका रहा हो, लेकिन वे अब भी एक गेम-चेंजर खिलाड़ी माने जाते हैं। रसेल के हटने से केकेआर की रणनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है।

## कप्तान शुभमन गिल कोलकाता टेस्ट से बाहर



### बीसीसीआई ने दी स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी

एजेंसी । नई दिल्ली

भारत-दक्षिण अफ्रीका टेस्ट के दौरान चोटिल हुए भारतीय कप्तान शुभमन गिल अब कोलकाता टेस्ट में आगे नहीं खेल पाएंगे। बीसीसीआई ने रविवार को जारी बयान में पुष्टि की कि गिल मैच से बाहर हो गए हैं और मेडिकल टीम उनकी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

पहली पारी में बल्लेबाजी करते समय गिल को गर्दन में तेज ऐंठन महसूस हुई थी। केवल 4 रन पर उन्हें रिटायर्ड हर्ट होना पड़ा और इसके बाद वह मैदान पर लौट नहीं सके। मैच समाप्ति के बाद उन्हें जांच हेतु अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। बोर्ड ने अपने अपडेट में बताया कि गिल की 'नेक इंजरी' की प्रकृति को देखते हुए उन्हें आराम की सलाह दी गई है और इसलिए वह इस टेस्ट में आगे भाग नहीं लेंगे। मेडिकल टीम आगे की स्थिति का आकलन करती रहेगी।

# जब विराट और धोनी ने कंधे पर उठाकर घुमाया

### सचिन के संन्यास को 11 साल पूरे, मुंबई में खेला था आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच

एजेंसी । नई दिल्ली

क्रिकेट इतिहास में जब भी महान खिलाड़ियों के नाम गिनाए जाते हैं, सचिन तेंदुलकर हमेशा शीर्ष पर नजर आते हैं। दो दशकों से अधिक समय तक भारतीय क्रिकेट की रीढ़ रहे सचिन ने 24 वर्षों तक देश का प्रतिनिधित्व किया। 1989 में इंटरनेशनल क्रिकेट में कदम रखने वाले तेंदुलकर ने आज ही के दिन 2013 में संन्यास लेकर एक सुनहरा अध्याय समाप्त किया था।



### वानखेड़े में खेला आखिरी मैच

सचिन ने अपना अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच वेस्टइंडीज के खिलाफ मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला। यह वही मैदान था, जहां उन्होंने बचपन से खेलने का सपना देखा था। भारत ने यह टेस्ट मुकाबला एक पारी और 126 रन से अपने नाम किया। मैच के बाद का दृश्य बेहद भावुक था—विराट कोहली और महेंद्र सिंह धोनी ने सचिन को कंधों पर उठा लिया, जबकि स्टेडियम का हर कोना 'सचिन सचिन' के नारों से गूंज रहा था। दर्शक अपने प्रिय खिलाड़ी को विशेष विदाई देने के लिए अंत तक मैदान में डटे रहे।

### विदाई भाषण ने किया सबको भावुक

टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहते समय तेंदुलकर खुद भी भावनाओं पर काबू नहीं रख सके। आंखों में नमी और आवाज में कंपकंपी के साथ उन्होंने एक दिल छू लेने वाला भाषण दिया। उन्होंने कहा था— "24 सालों में 22 गज के बीच मेरी जिंदगी गुज़री है। यकीन करना मुश्किल है कि यह सफर अब खत्म हो रहा है। जिन्होंने भी मुझे इस मुकाम तक पहुंचाने में मदद की, मैं उन सबका तहे दिल से शुक्रगुजार हूं।" भाषण के अंत में उन्होंने दर्शकों का विशेष उल्लेख करते हुए कहा था— 'सचिन सचिन' की गूंज मेरे कानों में आखिरी सांस तक रहेगी। बहुत-बहुत धन्यवाद अगर किसी का नाम लेना रह गया हो तो क्षमा करना। अलविदा।"

# कोलकाता टेस्ट: दक्षिण अफ्रीका से मिली शर्मनाक हार

### तीस रन से मैच गंवाकर भारत सीरीज में पिछड़ा

**कोलकाता।** ईडन गार्डन्स में खेले गए पहले टेस्ट में भारत को दक्षिण अफ्रीका के हाथों 30 रन की हार झेलनी पड़ी। 124 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम दूसरी पारी में सिर्फ 93 रनों पर सिमट गई। इस जीत के साथ मेहमान टीम ने दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। अब दूसरा मुकाबला 22 नवंबर से गुवाहाटी में खेला जाएगा।



### जुरेल के आउट होते ही बिखरी पारी


इसके बाद वाशिंगटन सुंदर और ध्रुव जुरेल ने थोड़ी उम्मीद जगाई, लेकिन जुरेल के 13 रन पर आउट होते ही भारतीय पारी फिर बिखर गई। ऋषभ पंत (2), रवींद्र जडेजा (18) और फिर सुंदर (31) के आउट होने के बाद भारतीय टीम संभल नहीं सकी। अंत में अक्षर पटेल ने तेज 26 रन जरूर जोड़े, लेकिन वह हार टालने के लिए काफी नहीं थे। दक्षिण अफ्रीका की ओर से सिमोन हार्मर सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने चार विकेट झटके, जबकि मार्को यानसेन और केशव महाराज ने दो-दो सफलता हासिल की। इससे पहले पहली पारी में भारत ने 189 रन बनाए थे और 30 रनों की बढ़त हासिल की थी। भारत के लिए केएल राहुल ने 39 रन की पारी खेली थी। दक्षिण अफ्रीका अपनी पहली पारी में 159 रन पर आउट हुआ था। भारत की ओर से गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह ने पहली पारी में 5 विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि कुलदीप यादव और मोहम्मद सिराज ने दोनों पारियों में प्रभावी गेंदबाजी की।

# पहली बार खेली जाएगी 'महिला एथलेटिक्स लीग'

**पटना।** बेटियों को खेलों में प्रोत्साहन देने और उभरती प्रतिभाओं को शुरुआती स्तर पर पहचान दिलाने के लिए सारण में पहली बार 'अस्मिता खेलो इंडिया महिला एथलेटिक्स लीग' का आयोजन होने जा रहा है। यह प्रतियोगिता 23 नवंबर को जयप्रकाश विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित की जाएगी। इसकी जानकारी बिहार एथलेटिक्स एसोसिएशन और सारण जिला संघ के अध्यक्ष सलीम परवेज ने दी। परवेज ने बताया कि यह लीग दक्षिण एशियाई एथलेटिक्स फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. ललित भनोट, एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया और केंद्रीय खेल एवं युवा मंत्रालय के सहयोग से पूरे देश में खेलो इंडिया पहल के तहत आयोजित की जा रही है।




## बॉ ली वु ड



# सली क्लाइमैक्स के साथ 50 साल बाद लौटेगी 'शोले', 4K में होगी री-रिलीज

भारतीय सिनेमा की अमर क्लासिक 'शोले' एक बार फिर बड़े पर्दे पर धमाका करने को तैयार है। रिलीज़ के 50 साल बाद फिल्म को 4K में रिस्टोर कर देशभर में 1,500 स्क्रीन्स पर दोबारा रिलीज किया जा रहा है। लेकिन सबसे बड़ा सरप्राइज है। फिल्म का असली क्लाइमैक्स, जिसे दर्शक दशकों से सिर्फ एक कहानी की तरह सुनते आए हैं, अब पहली बार वह अंत सिनेमाघरों में दिखाया जाएगा।

फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन ने इस रिस्टोर वर्जन को 'शोलेः द फाइनल कट' नाम दिया है। नए एडिशन में न सिर्फ विजुअल्स और साउंड को अपग्रेड किया गया है, बल्कि इसमें फिल्म का वह अनकट ओरिजिनल एंडिंग भी शामिल है, जिसे अभी तक किसी दर्शक ने नहीं देखा। रमेश सिप्पी द्वारा निर्देशित 'शोले' 1975 में रिलीज हुई थी, और 50 साल बाद इसका 4K रिस्टोर वर्जन 12 दिसंबर 2025 को थिएटर्स में उतरेगा। 1,500 स्क्रीन्स की रिलीज़ इसे भारत की अब तक की सबसे बड़ी रिस्टोर फिल्म रिलीज़ बनाती है। फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन के मुताबिक, असली क्लाइमैक्स में ठाकुर गब्बर सिंह को अपने पैरों तले




कुचलकर मार देता है। सेंसर बोर्ड ने उस समय इस अंत को अत्यधिक हिंसक मानकर इसे बदलने के निर्देश दिए थे, जिसके बाद आज वाला क्लाइमैक्स फिल्म में जोड़ा गया। अब, 50 साल बाद, पहली बार दर्शकों को वही अनसेंसर्ड और ऑरिजिनल एंडिंग देखने का मौका मिलेगा। 'शोले' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि भारतीय सिनेमा का इतिहास है। धर्मेंद्र, अमिताभ बच्चन, अमजद खान, संजीव कुमार और हेमा मालिनी जैसे दिग्गजों के दमदार अभिनय, यादगार किरदारों, आइकॉनिक संवाद और अमर एक्शन सीक्वेंस ने इसे आज भी दर्शकों की पसंदीदा फिल्मों में शामिल रखा है। 50 साल बाद इसे फिर से उसके असली रूप में देखना दर्शकों के लिए किसी उत्सव से कम नहीं होगा।

# प्रियंका के देसी लुक पर अटकीं पति की नजर

प्रियंका चोपड़ा और उनके पति निक जोनस काम के सिलसिले में भले ही एक-दूसरे से दूर हों, लेकिन एक-दूसरे को स्पेशल फील कराने का कोई मौका नहीं गंवाते हैं। प्रियंका जब भी अपनी कोई स्टनिंग फोटोज शेयर करती हैं तो निक तुरंत एक प्यारा सा कमेंट कर सभी का ध्यान खींच लेते हैं। एक बार फिर निक के कमेंट की चर्चा हो रही है। निक जोनस ने प्रियंका चोपड़ा के हालिया लुक की तारीफ थोड़े हटके तरीके से की है। हाल ही में एक्ट्रेस अपनी आगामी फिल्म वाराणसी के इवेंट में देसी अंदाज में शामिल हुई थीं। अब एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर अपने लुक की फोटोज शेयर की हैं जिसे देख न केवल फैंस बल्कि उनके पति भी अपना दिल हार बैठे हैं। फोटोज में प्रियंका चोपड़ा किसी अप्सरा से कम नहीं लग रही हैं। उनका लुक थोड़ा नॉर्थ और थोड़ा साउथ इंडियन है। उन्होंने आइवरी कलर का लहंगा पहना है जिसे उन्होंने मांग टीका, हार, इयररिंग्स, कंगन, चूड़ी और कमरबंद से स्टाइल किया है।



# 'वाराणसी' का टाइटल अनाउंस




जैसे ही ग्रैंड ग्लोब ट्रॉटर इवेंट की घोषणा हुई, दर्शकों के बीच भारत की अब तक की सबसे बड़ी सिनेमाई अनाउंसमेंट देखने की उत्सुकता बढ़ गई थी। और आखिरकार, हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में आयोजित इस मेगा इवेंट ने उस इंतजार को सफल साबित कर दिया। शानदार सेट-अप, विशाल भीड़ और धमाकेदार प्रस्तुतियों के बीच दर्शकों ने एक ऐसा शो देखा, जिसे भारतीय मनोरंजन के इतिहास में लंबे समय तक याद किया जाएगा। इवेंट की सबसे बड़ी हाइलाइट थी, एसएस राजामौली के बहुप्रतीक्षित ग्लोबल प्रोजेक्ट का आधिकारिक टाइटल अनाउंसमेंट। महेश बाबू स्टारर इस फिल्म का नाम 'वाराणसी' रखा गया है। इस मौके पर इसका एक छोटा वीडियो (टीजर) भी 130 फीट की भव्य स्क्रीन पर प्रदर्शित किया गया, जिसने माहौल को और भी रोमांचक बना दिया। इसी के साथ फिल्म की रिलीज़ डेट भी सामने आई 'वाराणसी' संक्रांति 2027 पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इवेंट में पृथ्वीराज सुकुमारन के 'कुम्भा' अवतार और प्रियंका चोपड़ा जोनास के दमदार 'मंदाकिनी' लुक का पहला परिचय भी कराया गया। इन खुलासों ने सोशल मीडिया पर आग लगा दी, वीडियो और तस्वीरें कुछ ही घंटों में वायरल हो गईं, और दर्शकों की उत्सुकता कई गुना बढ़ गई। एसएस राजामौली के निर्देशन में आयोजित यह इवेंट महज एक लॉन्च नहीं था, बल्कि एक दृश्यात्मक उत्सव था।



# 'दे दे प्यार दे 2' बनी पोस्ट-पैंडेमिक की चौथी सबसे बड़ी रोमांटिक कॉमेडी ओपनर

अजय देवगन, रकुल प्रीत सिंह, आर माधवन की फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' ने पहले दिन कोई शानदार कमाई नहीं की. हालांकि दूसरे दिन फिल्म की कलेक्शन बढ़ गई. उम्मीद है कि रिलीज के पहले रविवार को मूवी जमकर नोट छापेगी. महामारी के बाद सैयारा को छोड़कर किसी अन्य रोमांटिक फिल्म ने अच्छा प्रदर्शन बॉक्स ऑफिस पर नहीं की. सैयारा ने रिकॉर्ड तोड़ कमाई की और दर्शकों के दिलों में बस गई. अब महामारी के बाद 'दे दे प्यार दे' रोमांटिक कॉमेडी फिल्म की लिस्ट में सबसे ज्यादा ओपनिंग करने वाली फिल्म में चौथे स्थान पर आ गई है. इस लिस्ट में सबसे आगे यानी नंबर एक पर 'तू झूठी मैं मक्कार' (15.73 करोड़) है. फिल्म में रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर ने काम किया हैं. जबकि दूसरे नंबर पर 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' (9.25 करोड़ रुपये) , तीसरे नंबर पर 'बैड न्यूज' (8.3 करोड़ रुपये) है और चौथे नंबर पर 'दे दे प्यार दे 2 (8.75 करोड़ रुपये) है। फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' के लिए अजय देवगन ने तगड़ी फीस ली है. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अजय को फिल्म के लिए 40 करोड़ रुपये मिले हैं. रकुल प्रीत सिंह को फिल्म के लिए 4.5 करोड़ रुपये मिले हैं, जबकि आर माधव के हाथ 9 करोड़ की फीस लगी है. जावेद जाफरी को 2-3 करोड़ और गौतमी कपूर को 1 करोड़ की फीस मिली है।

## जोधपुर हाईवे पर भीषण सड़क हादसा

# छह की मौत, 14 घायल कई गंभीर

**▶▶ तीर्थस्थल रामदेवरा को जा रहे थे टेंपो में सवार सभी श्रद्धालु**

एजेंसी | अहमदाबाद

राजस्थान के जोधपुर–बालेसर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में गुजरात के छह श्रद्धालुओं की जान चली गई। सभी मृतक बनासकांठा और धनसुरा क्षेत्र के रहने वाले थे। हादसे में 14 लोग घायल हुए हैं, जिनमें कई की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, लगभग 20 श्रद्धालु एक टेंपो में सवार होकर रामदेवरा दर्शन के लिए जा रहे थे। सुबह करीब 5 बजे खारी बेरी गांव के पास टेंपो की अनाज से भरे एक ट्रेलर से आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि टेंपो का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और कई लोग उसमें फंस गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने पुलिस के साथ मिलकर बचाव कार्य शुरू किया। बालेसर पुलिस स्टेशन के अधिकारी मूलसिंह भाटी ने बताया कि हादसे में तीन महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों को पहले बालेसर अस्पताल ले जाया गया और फिर गंभीर रूप से घायल लोगों को जोधपुर के मथुरादास माथुर अस्पताल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान तीन और लोगों ने दम तोड़ दिया। कुल छह मृतकों की पुष्टि की गई है।



### 14 घायल MDM अस्पताल रेफर

बालेसर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से एमडीएम ले जाए गए 17 घायलों में से तीन की मौत हो गई और 14 को मथुरादास माथुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल अधीक्षक डॉ. विकास राजपुरोहित ने बताया कि कुछ घायल गंभीर रूप से घायल हैं और उनका इलाज चल रहा है।

### बनासकांठा, धनसुरा में पसरा मातम


इस हादसे में केशाभाई कोह्याभाई वालंद (65) निवासी पुँसरी, साबरकांठा, प्रीतेश भरतभाई प्रजापति (23) – टेंपो चालक, पुँसरी, लोगलभाई कालूसिंह परमार (39) – रुघनाथपुरा, धनसुरा, नव्या कालूसिंह परमार (3 वर्ष) – रुघनाथपुरा, धनसुरा, जीनल प्रवीणभाई परमार (12) – रुघनाथपुरा, धनसुरा, कृष्णा परमार (9 वर्ष) – रुघनाथपुरा, धनसुरा की मौत हुई है। हादसे की जानकारी मिलते ही बनासकांठा और धनसुरा में शोक की लहर दौड़ गई। प्रारंभिक अंदाजों के अनुसार ओवरस्पीडिंग या चालक की लापरवाही हादसे की प्रमुख वजह हो सकती है।

### आखिर क्यों हुआ इतना बड़ा हादसा?

सूचना मिलने पर बालेसर थाना प्रभारी मूल सिंह भाटी अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्यों का निरीक्षण किया तथा गहन जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि ट्रेलर की तेज गति और कम दृश्यता दुर्घटना के प्रमुख कारण हो सकते हैं। जोधपुर में पिछले 24 घंटे में चार बड़े सड़क हादसों में 13 लोगों की मौत हुई है। शनिवार की सुबह बिलाड़ा थाना क्षेत्र में हुए जिसमें तीन दोस्तों की मौत हुई। इसके बाद बाड़मेर हाईवे पर धवा गांव के दोपहर सड़क क्रॉस करते हुए दंपति को रोडवेज ने रौंद दिया। शाम को भांडू गांव में एक डंपर ने 2 बाइक सवारों दो लोगों को कुचला था। अब रविवार की सुबह बालेसर में 6 मौतें हुई हैं।

## 160 की स्पीड में ट्रैक्टर-ट्राली में घुसी फार्च्यूनर

**कार सवार सभी पांच लोगों की मौत, झांसी से ग्वालियर लौटते समय हादसा**



एजेंसी | ग्वालियर

मध्य प्रदेश के ग्वालियर में रविवार सुबह हुए एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। मालवा कॉलेज के सामने एक तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से पीछे से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार ट्रॉली के नीचे धंस गई और उसमें सवार पांचों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना ग्वालियर-झांसी हाईवे पर शहर से लगभग 20 किलोमीटर पहले सुबह करीब 6:30 बजे घटी। फॉर्च्यूनर झांसी दिशा से ग्वालियर लौट रही थी। मालवा कॉलेज के मोड़ पर अचानक सामने ट्रैक्टर-ट्रॉली आ गई। तेज रफ्तार के कारण चालक वाहन नियंत्रित नहीं कर सका और कार पीछे से ट्रॉली में जा भिड़ी। टक्कर के बाद कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह तहस-नहस हो गया।

### फार्च्यूनर को काटकर निकाले गए शव

राहगीरों की सूचना पर पुलिस और एम्बुलेंस तुरंत मौके पर पहुंचे। कार बुरी तरह फंसी होने के कारण ग्रामीणों की मदद से कटर मशीन से गाड़ी को काटकर शवों को बाहर निकाला गया। सभी मृतक ग्वालियर के निवासी थे। जान गंवाने वाले सभी युवक ग्वालियर के रहने वाले थे और झांसी में एक कार्यक्रम से लौट रहे थे। मृतकों की पहचान क्षितिज उर्फ प्रिंस राजावत, राज पुरोहित, कौशल सिंह भदौरिया, आदित्य उर्फ राम जादौन, अभिमन्यु सिंह तोमर के रूप में हुई है।

### पुलिस ने क्या कहा

एसएसपी धर्मवीर सिंह ने बताया कि हादसा झांसी रोड थाना क्षेत्र में हुआ है और पांचों मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं। एम्बुलेंस सेवा के मेडिकल ऑफिसर पंकज यादव के अनुसार, मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि कार की रफ्तार लगभग 160 किमी/घंटा रही होगी।

## स्वयंसेवकों की भावनात्मक शक्ति ही असली ताकत : डॉ. भागवत

एजेंसी | जयपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत ने कहा कि संघ का मूल आधार उसके स्वयंसेवकों का भावबल और जीवनबल है। उन्होंने कहा कि संघ किसी संरचना या व्यवस्था से नहीं, बल्कि स्वयंसेवकों की निष्ठा, समर्पण और कार्यशीलता से आगे बढ़ता है। वे रविवार को पाथेय कण संस्थान के नारद सभागार में ज्ञान गंगा प्रकाशन द्वारा तैयार किए गए ग्रंथ 'और यह जीवन समर्पित' के विमोचन समारोह को संबोधित कर रहे थे। यह पुस्तक राजस्थान के 24 दिवंगत प्रचारकों के जीवन प्रसंगों का संकलन है।



### 100 साल से चल रही हैं शाखाएं

डॉ. भागवत ने कहा कि संघ को बाहर से देखकर पूरी तरह समझा नहीं जा सकता। इसकी वास्तविक अनुभूति संघ की शाखा और कार्य में प्रत्यक्ष भागीदारी के बाद ही होती है। उन्होंने कहा कि कई संगठनों ने संघ की तरह शाखाएँ चलाने की कोशिश की, लेकिन वे टिक नहीं सकीं। "हमारी शाखाएँ सौ साल से चल रही हैं, क्योंकि संघ भावबल पर आधारित आंदोलन है," उन्होंने कहा।

### हवा में डंडा घुमाकर देश नहीं बदलता

सरसंघचालक ने उल्लेख किया कि आज संघ का काम समाज में चर्चा और प्रशंसा का विषय है, लेकिन यह स्थिति हमेशा से नहीं थी। शताब्दी पहले कौन सोच सकता था कि प्रतिदिन की साधारण शाखा से राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा? तब लोग कहते थे–हवा में डंडा घुमाकर देश नहीं बदलता। आज वही संघ समाज में व्यापक स्वीकार्यता पा रहा है।

### मूल्यों को दिनचर्या में उतारें

नये ग्रंथ का जिक्र करते हुए डॉ. भागवत ने कहा कि यह सिर्फ गर्व की अनुभूति नहीं कराता, बल्कि कठिन मार्ग चुनने की प्रेरणा भी देता है। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे पुस्तक में वर्णित जीवन मूल्यों को अपनी दिनचर्या में उतारें। "यदि उन प्रचारकों के तेज का एक अंश भी अपने भीतर धारण कर लिया जाए तो समाज और राष्ट्र को आलोकित किया जा सकता है।

### राष्ट्रीयता के नाम पर वैश्विक युद्ध

वैश्विक संघर्षों पर बोलते हुए मोहन भागवत ने कहा कि आज वैश्विक स्तर पर हो रहे युद्धों के तरीके बदले हैं। उन्होंने सीधे तौर पर कहा कि "राष्ट्रीयता के कारण दुनिया में युद्ध हो रहे हैं।" उन्होंने आगे कहा कि अंतर्राष्ट्रीयता की बात करने के बावजूद, कुछ शक्तिशाली देश कमजोर देशों पर अपना अधिकार थोपते हैं। इसका परिणाम यह होता है कि बलवानों की लड़ाई के कारण बाकियों को कष्ट उठाना पड़ रहा है। उन्होंने स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक अन्य विसंगति की ओर भी इशारा किया, जितनी दवाइयां निकली हैं, उतनी ही बीमारियां भी निकली हैं, जिससे मनुष्य की प्रतिरोधक क्षमता कम हो गई है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### राम मंदिर के अंदर VVIP भी नहीं ले जा सकेंगे फोन

**अयोध्या।** राम मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त करते हुए ट्रस्ट व प्रशासन ने बड़ा निर्णय लिया है। ध्वजारोहण समारोह में आने वाले किसी भी मेहमान को मोबाइल फोन लेकर मंदिर परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। शुरुआत में मेहमानों को मोबाइल साथ ले जाने की अनुमति दी गई थी, लेकिन दिल्ली में हुए विस्फोट के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने सतर्कता बढ़ाने की सिफारिश की। इसके बाद ट्रस्ट और प्रशासन ने संयुक्त समीक्षा के बाद मोबाइल पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। 25 नवंबर को राम मंदिर में ध्वजारोहण समारोह आयोजित है। समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी, संघ प्रमुख मोहन भागवत, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल समेत आठ हजार मेहमान शामिल होंगे। मेहमानों को भेजे गए आमंत्रण पत्र में बताया गया था कि 25 नवंबर को सभी को सुबह आठ से 10 बजे के भीतर मंदिर में प्रवेश करना होगा।

### बर्फीली हवाओं संग आई कड़ाके की ठंड

**भोपाल।** मध्य प्रदेश इस साल सामान्य से पहले ही तेज़ ठंड की चपेट में आ गया है। नवंबर के बीच में ही राजधानी भोपाल, इंदौर, रीवा और नौगांव सहित कई शहरों में रात का तापमान रिकॉर्ड स्तर तक गिर गया है। मौसम विभाग ने आने वाले तीन दिनों के लिए प्रदेश के कई हिस्सों में शीतलहर की चेतावनी जारी की है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में जारी बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों पर भी पड़ा है। पहाड़ों से आने वाली बर्फीली उत्तरी हवाओं के चलते प्रदेश में रातें बेहद ठंडी हो गई हैं। हालांकि दिन में धूप निकलने से हल्की राहत मिलती है। बीते दो दिनों में तापमान कई शहरों में सामान्य से काफी नीचे दर्ज किया गया।

### पोप लियो का संदेश : सिनेमा सच दिखाकर जगाए उम्मीद


**वेटिकन सिटी।** पोप लियो (चौदहवें) ने वैश्विक फिल्म उद्योग से आग्रह किया कि वे ऐसी रचनाएँ प्रस्तुत करें जो सत्य को प्रतिबिंबित करें और लोगों में आशा का संचार करें। उन्होंने विश्वभर के प्रमुख अभिनेता, निर्देशक, निर्माता और पटकथाकारों को संबोधित करते हुए कहा कि सिनेमा को आज की दुनिया में "सुंदरता, सच्चाई और उम्मीद का प्रहरी" बनना चाहिए। अपोस्टोलिक पैलेस में आयोजित इस विशेष समारोह में पोप ने कहा कि सिनेमा केवल एक पर्दा नहीं, बल्कि ऐसा माध्यम है जो भावनाओं को आकार देता है और मानवीय अनुभवों को नई दृष्टि प्रदान करता है। उन्होंने 1895 में पहली फिल्म के प्रदर्शन के लगभग 130 साल बाद सिनेमा की बदलती भूमिका पर कहा, "आज फिल्में सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि दुनिया को समझने और अनंत की तलाश को व्यक्त करने का जरिया बन चुकी हैं।"

**अनंतनाग में सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल की जांच तेज**

## डॉक्टर के घर पर छापा, कारोबारी ने खुद को लगाई आग

एजेंसी | श्रीनगर

काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (CIC) ने सफेदपोश आतंकी नेटवर्क की जांच के तहत रविवार देर रात अनंतनाग जिले के मलकनाग क्षेत्र में एक डॉक्टर के आवास पर तलाशी अभियान चलाया। अधिकारियों के अनुसार, यह छापेमारी चल रही जांच का हिस्सा थी। जानकारी के मुताबिक, तलाशी के दौरान सीआईके को पता चला कि हरियाणा की एक महिला डॉक्टर कुछ समय से उस मकान में किरायेदार के रूप में रह रही थी।



### बिलाल अहमद वानी ने खुद को लगाई आग

इधर, मामले में पूछताछ के लिए हिरासत में लिए गए ड्राई फ्रूट कारोबारी बिलाल अहमद वानी ने काजीगुंड क्षेत्र में खुद को आग लगाने की कोशिश की। उसे गंभीर झुलसने के बाद अनंतनाग के जीएमसी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। उसका बेटा अभी भी पुलिस हिरासत में है। बिलाल वानी, डॉ. मुजफ्फर राठर का पड़ोसी है, जिनका नाम इस कथित सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल के एक प्रमुख आरोपी के रूप में सामने आया है। मुजफ्फर के अफगानिस्तान में होने की आशंका जताई गई है।

## दिल्ली धमाका : बुरहानपुर में एनआईए का छापा

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली के लाल किला पार्किंग में कार विस्फोट की जांच के तहत एनआईए ने शुक्रवार देर रात मध्य प्रदेश के बुरहानपुर में कई स्थानों पर दबिश दी। गुप्त जानकारी के आधार पर की गई इस कार्रवाई में टीम ने विभिन्न ठिकानों की तलाशी ली, हालांकि किसी गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं हुई। सूत्रों के अनुसार, एनआईए एक ऐसे संदिग्ध की तलाश में है, जिसके दिल्ली ब्लास्ट से जुड़े होने के संकेत मिले हैं। इनपुट के आधार पर टीम पिछले कुछ दिनों से इलाके में गतिविधियां बढ़ा रही है। इस बीच, जांच एजेंसियों की निगाहें इंदौर के महू




क्षेत्र पर भी टिकी हैं। अलफलाह यूनिवर्सिटी के चांसलर जवाद अहमद सिद्दीकी से जुड़े मामलों की जांच तेज हो गई है, क्योंकि उनकी यूनिवर्सिटी से जुड़े एक डॉक्टर को दिल्ली ब्लास्ट मामले में गिरफ्तार किया गया है। सिद्दीकी परिवार पर पहले भी आर्थिक घोटालों और अन्य आपराधिक मामलों के आरोप रहे हैं। पुलिस और इंटेलिजेंस एजेंसियां अब ब्लास्ट कनेक्शन को ध्यान में रखते हुए परिवार से जुड़ी पुरानी फाइलों और गतिविधियों की पड़ताल कर रही हैं।

### नौगाम विस्फोट : साजिश के संकेत नहीं

श्रीनगर। श्रीनगर के नौगाम पुलिस स्टेशन परिसर में हुए हादसाजनित विस्फोट के बाद फोरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) और सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को घेरकर जांच शुरू कर दी है। घटना में 9 लोगों की मौत हुई, जबकि 32 घायल हैं। विस्फोट शुक्रवार देर रात अनिवार्य फोरेंसिक प्रक्रिया के दौरान हुआ था। धमाके से पास की इमारत को गंभीर नुकसान पहुंचा। घायलों को एसएमएचएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीजीपी नलिन प्रभात ने

## सैन्य कार्रवाई के मूड में वाशिंगटन, युद्धपोत तैनात

**▶▶ ट्रंप प्रशासन ने 15000 सैनिकों की तैनाती कर वेनेजुएला पर कार्रवाई के दिए संकेत**



एजेंसी | वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वेनेजुएला के खिलाफ संभावित सैन्य अभियान को लेकर संकेत दे दिए हैं। पेंटागन ने ऑपरेशन सदर्न स्पीयर के तहत करीब 15,000 सैनिक और एक दर्जन से अधिक युद्धपोत क्षेत्र में पहले ही तैनात कर दिए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने इस हफ्ते राष्ट्रपति ट्रंप को वेनेजुएला के भीतर संभावित सैन्य विकल्पों की जानकारी दी। ट्रंप फिलहाल राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सत्ता से हटाने से जुड़े जोखिम और संभावित फायदे पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनका मन लगभग बन चुका है, हालांकि विवरण साझा करने से उन्होंने इनकार किया। युद्ध सचिव पीट हेगसेथ और ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल डैन केन की टीम ने ट्रंप को विकल्पों पर विस्तृत प्रस्तुति दी।

## मुठभेड़ में तीन इनामिया माओवादी ढेर

**सुकमा में सुरक्षा बलों की बड़ी कार्रवाई**

एजेंसी | सुकमा

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में भेज्जी और चिंतागुफा थाना क्षेत्र की सीमा पर स्थित तुमालपाड़ जंगल में शनिवार देर रात से शुरू हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने तीन माओवादियों को मार गिराया। मारे गए माओवादियों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। मौके से उनके शव और हथियार बरामद कर लिए गए हैं। सुकमा एसपी किरण चव्हाण के अनुसार, माओवादियों की मौजूदगी की पुख्ता सूचना पर जिला रिज़र्व गार्ड (डीआरजी) की टीमों ने क्षेत्र में सर्च अभियान शुरू किया।



### तीनों पर 5-5 लाख रुपये का इनाम

पुलिस ने मारे गए नक्सलियों की पहचान माड़वी देवा (जनमिलिशिया कमांडर और स्नाइपर विशेषज्ञ), पोड़ियम गंगी (सीएनएम कमांडर) और सोड़ी गंगी (एरिया कमेटी सदस्य) के रूप में की है। तीनों पर 5-5 लाख रुपये का इनाम था। घटनास्थल से .303 राइफल सहित हथियार और बड़ी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया गया है।

### बस्तर में माओवाद अंतिम चरण मे : आईजी

बस्तर रेंज के आईजी पी. सुन्दरराज पट्टलिंगम ने कहा कि निरंतर सफल अभियानों की वजह से माओवादियों की पकड़ टूट चुकी है और अब संगठन अपने अंतिम दौर में है। उन्होंने साफ कहा कि हिंसा का रास्ता छोड़कर पुनर्वास नीति अपनाने के अलावा माओवादी कैडरों के पास कोई विकल्प नहीं बचा है। आईजी ने बताया कि वर्ष 2025 में अब तक बस्तर रेंज में केंद्रीय समिति सदस्यों और डिवीजनल कैडरों सहित कुल 233 माओवादी मारे जा चुके हैं, जो इस अभियान की निर्णायक सफलता को दर्शाता है। आसपास के इलाकों में सुरक्षा बलों द्वारा व्यापक तलाशी अभियान जारी है।

## अमृतसर में बड़ा ऑपरेशन: पाकिस्तान से हथियार और हेरोइन की तस्करी का भंडाफोड़




एजेंसी | अमृतसर

**छह पिस्टल, एक किलो हेरोइन संग पांच गिरफ्तार**

अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए पाकिस्तान समर्थित हथियार व नशा तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने पांच लोगों को दबोचते हुए उनके कब्जे से 6 पिस्तौल और करीब 1.01 किलोग्राम हेरोइन बरामद की। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव के अनुसार पकड़े गए आरोपियों की पहचान अमृतसर ग्रामीण के पंडोरी गांव के आकाश मसीह, प्रिंस, चौगांवां के करनबीर सिंह उर्फ करन, हेतमपुरा के सुखविंदर सिंह और तरनतारन के लाहियां गांव के गुरभेज सिंह उर्फ भेजा के रूप में हुई है। इनके पास से पांच .30 बोर पिस्तौल और एक ग्लॉक 9 एमएम पिस्तौल मिली है। अमृतसर के पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि छेहरटा क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान शुरुआत में आकाश मसीह और प्रिंस पकड़े गए, जिनके पास से दो पिस्तौल बरामद हुईं। इसके बाद तकनीकी जांच के आधार पर करनबीर और सुखविंदर को तीन पिस्तौल और एक किलो से अधिक हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया। करनबीर की सूचना पर गुरभेज सिंह को भी एक पिस्तौल सहित हिरासत में लिया गया।

### पाक से आती है हथियारों की खेप

जांच में सामने आया है कि ये सभी आरोपी भारत-पाक सीमा के नज़दीक बसे गांवों से ताल्लुक रखते हैं और सोशल मीडिया ऐप्स के माध्यम से पाकिस्तान में बैठे तस्करों से संपर्क कर नशीले पदार्थ और हथियार मंगाकर स्थानीय अपराधियों तक सप्लाई करते थे। पुलिस का कहना है कि यह गिरोह हथियार और हेरोइन की तस्करी कर क्षेत्र के अपराधियों को सप्लाई करता था। पूरे नेटवर्क की जड़ों तक पहुंचने के लिए जांच तेज कर दी गई है।

# चरम पर मंहगाई




एजेंसी | इस्लामाबाद

पाकिस्तान सरकार ने हाई-स्पीड डीजल (एचएसडी) की कीमत में छह रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी है। नई दरें आज से लागू हो गई हैं, जिसके बाद एचएसडी का दाम बढ़कर 284.44 रुपये प्रति लीटर हो गया है। यह मूल्य-वृद्धि फिलहाल 15 दिनों के लिए प्रभावी रहेगी। सरकारी अधिसूचना के अनुसार, पेट्रोल की कीमत में इस बार कोई बदलाव नहीं किया गया है। तेल एवं गैस नियामक प्राधिकरण (ओजीआरए) और संबंधित मंत्रालयों के साथ विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया। रिपोर्टों के मुताबिक पाकिस्तान का परिवहन क्षेत्र मुख्य रूप से डीजल पर निर्भर होने के कारण इसकी कीमत में वृद्धि को मुद्रास्फीति बढ़ाने वाला कारक माना जाता है।

### आठ लाख टन के बीच हर माह खपत

अभी देश में पेट्रोल और एचएसडी की मासिक खपत 7 से 8 लाख टन के बीच है, जबकि केरोसिन की खपत लगभग 10 हजार टन रहती है। वित्त वर्ष 2025 में पेट्रोलियम लेवी संग्रह 1.161 ट्रिलियन रुपये तक पहुंच चुका है और मौजूदा वित्त वर्ष में इसमें करीब 27 प्रतिशत की अतिरिक्त वृद्धि का अनुमान है।

### हर लीटर पर 99 रुपये लग रहा टैक्स

सरकार फिलहाल पेट्रोल और डीजल दोनों पर लगभग 99 रुपये प्रति लीटर कर वसूल कर रही है। जीएसटी शून्य होने के बावजूद पेट्रोलियम लेवी और क्लाइमेट सपोर्ट लेवी के कारण डीजल पर 79 .50 रुपये और पेट्रोल/हाई-ऑक्टेन उत्पादों पर 80 .52 रुपये प्रति लीटर शुल्क लगता है। इसके अलावा पेट्रोल और डीजल पर करीब 17–18 रुपये प्रति लीटर सीमा शुल्क तथा लगभग 17 रुपये का वितरण और बिक्री मार्जिन भी शामिल है।

### आवश्यक वस्तुओं के फिर बढ़ेंगे दाम

भारी वाहन, ट्रक, बसें, ट्रेनें और कृषि उपकरण–जैसे ट्रैक्टर, ट्यूबवेल और थ्रेसर–मुख्य रूप से एचएसडी से चलते हैं। इसलिए डीजल महंगा होने से सब्जियों से लेकर अन्य आवश्यक वस्तुओं तक की ढुलाई लागत बढ़ने की आशंका है। दूसरी ओर पेट्रोल निजी वाहनों और दोपहिया परिवहन में इस्तेमाल होता है, जिससे मध्यम वर्ग की जेब पर दबाव बढ़ता है।